

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, मंगलवार 24 मार्च 2026 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-06 ■ वर्ष -41 ■ अंक-350 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 25 मार्च 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## हिंदू-बौद्ध-सिख के अलावा किसी अन्य धर्म में परिवर्तन के साथ ही खत्म हो जाएगा अनुसूचित जाति का दर्जा

**नई दिल्ली,24 मार्च।** न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और एनवी अंजारी की पीठ ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के उस फैसले को बरकरार रखा है जिसमें कहा गया है कि ईसाई धर्म अपनाने और सक्रिय रूप से उसका पालन करने वाले व्यक्ति को अनुसूचित जाति समुदाय का सदस्य नहीं माना जा सकता। यह फैसला पादरी चिंथदा आनंद द्वारा दायर अपील पर आया, जिन्होंने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के मई 2025 के फैसले को चुनौती दी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि उन्हें कुछ व्यक्तियों द्वारा जाति आधारित भेदभाव और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा था। सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि हिंदू धर्म, सिख धर्म या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म में धर्मांतरण करने वाला व्यक्ति अनुसूचित जाति (एससी) का दर्जा पाने और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत संरक्षण का दावा करने के योग्य नहीं हो सकता। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि केवल हिंदू धर्म, सिख धर्म या बौद्ध धर्म का पालन करने वाले व्यक्तियों को ही अनुसूचित जाति का दर्जा प्राप्त करने का अधिकार है। न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और एनवी अंजारी की पीठ ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के उस फैसले को बरकरार रखा है जिसमें कहा गया है कि ईसाई धर्म अपनाने और सक्रिय रूप से उसका पालन करने वाले व्यक्ति को अनुसूचित जाति समुदाय का सदस्य नहीं माना जा सकता। यह फैसला पादरी चिंथदा आनंद द्वारा दायर अपील पर आया, जिन्होंने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के मई 2025 के फैसले को चुनौती दी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि उन्हें कुछ व्यक्तियों द्वारा जाति आधारित भेदभाव और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा था।



अपने फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कोई भी व्यक्ति जो हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म का पालन करता है, अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं हो सकता। किसी अन्य धर्म में धर्मांतरण से अनुसूचित जाति का दर्जा समाप्त हो जाता है। अपने गांव में रविवार की प्रार्थना कराने वाले पादरी आनंद ने आरोप लगाया कि अक्काला रामिरेड्डी और अन्य लोगों ने बार-बार उन पर हमला किया, उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी और जातिगत आधार पर उनका अपमान किया। आनंद ने उनके खिलाफ अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया। आरोपियों ने तर्क दिया कि आनंद ने ईसाई धर्म अपना लिया था और वे सक्रिय रूप से पादरी के रूप में काम कर रहे थे, इसलिए वे अनुसूचित जातियों को मिलने वाले विशेष संरक्षण के हकदार नहीं थे। जांच पूरी होने और उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल होने के बाद, आनंद ने आरोपों को रद्द करने के लिए आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय का रुख किया। लाइव लॉ के अनुसार, न्यायमूर्ति एन हरिनाथ ने एफआईआर को रद्द करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता ने ईसाई धर्म अपनाने के बाद अपनी अनुसूचित जाति की स्थिति खो दी थी और इसलिए वह अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत संरक्षण का दावा नहीं कर सकता।

**महिला सैन्य अधिकारियों की बड़ी जीत**

## सुप्रीम कोर्ट ने सेना के 'भेदभावपूर्ण' रवैये पर लगाई कड़ी फटकार

**नई दिल्ली,24 मार्च।** भारतीय सशस्त्र बलों में लैंगिक समानता को नई शक्ति प्रदान करते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने आज एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि महिला शॉर्ट सर्विस कमीशन अधिकारी परमानेंट कमीशन की पूर्ण हकदार हैं। अदालत ने सेना की "दोषपूर्ण और भेदभावपूर्ण" मूल्यांकन प्रणाली को उजागर करते हुए व्यवस्थागत सुधार के कड़े निर्देश जारी किए। कोर्ट ने न्याय दिलाने के लिए अपनी असाधारण शक्तियों का इस्तेमाल किया। व्यवस्थागत भेदभाव को उजागर करते हुए, कोर्ट ने पाया कि महिला अधिकारियों को एक दोषपूर्ण और भेदभावपूर्ण मूल्यांकन प्रणाली का सामना करना पड़ा था, जिसमें मनमानी सीमाएं और अनुचित मूल्यांकन प्रक्रियाएं शामिल थीं। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि परमानेंट कमीशन के लिए हर साल 250 महिला अधिकारियों की सीमा मनमानी है और इसे पवित्र या अटल नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने अतीत के अन्याय को सुधारने और भविष्य में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए व्यापक निर्देश जारी किए। शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत, अधिकारियों को 10 साल के लिए भर्ती किया जाता है, जिसे 14 साल तक बढ़ाया जा सकता है। इस कार्यकाल के अंत में, उन्हें सेना छोड़नी पड़ती है, जब तक कि उन्हें परमानेंट कमीशन न मिल जाए। वे आम तौर पर पूरी पेंशन के हकदार नहीं होते हैं, और उनके करियर में आगे बढ़ने के अवसर सीमित होते हैं, साथ ही उच्च कमान के पदों के लिए भी कम अवसर मिलते हैं। इसके विपरीत, परमानेंट कमीशन सशस्त्र बलों में एक पूरा करियर प्रदान करता है, जिसमें सेवानिवृत्ति तक सेवा शामिल होती है, जो आमतौर पर 20 साल या उससे अधिक होती है। अधिकारी पेंशन और सेवानिवृत्ति के सभी लाभों के हकदार होते हैं, और वे रैंक में ऊपर उठ सकते हैं.

### कवर्धा के राइस मिल में भीषण आग

**कवर्धा,24 मार्च।** जिले के हरिनछपरा स्थित जनता राइस मिल में आज अचानक भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची फ़ायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए है। स्थानीय लोग भी घटना स्थल पर जुटकर आग पर नियंत्रण पाने में मदद कर रहे है। घटना का एक वीडियों भी सामने आया है जो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, आग की वजह का अभी पता नहीं चल सका है और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मौके पर फ़ायर ब्रिगेड की टीम और स्थानीय लोगों का प्रयास जारी है और वे आग को पूरी तरह से बुझाने में जुटे हुए हैं। प्रशासन ने भी सुरक्षा के मद्देनज़र आसपास के इलाके को खाली कराने की तैयारी शुरू कर दी है। यह घटना व्यापारिक क्षेत्र और स्थानीय लोगों के लिए चिंता का कारण बनी हुई है, और अधिकारियों ने कहा है कि जल्द ही आग लगने के कारणों का पता लगाया जाएगा।

### हाईकोर्ट ने कोल ब्लॉक जमीन वापसी पर मांगा प्लान

**रायपुर,24 मार्च।** छत्तीसगढ़ में जमीन को लेकर बड़ा मामला गरमा गया है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने साफ शब्दों में सरकार से पूछा है, जब जमीन सिर्फ "उपयोग" के लिए ली गई है, तो खनन के बाद किसानों को वापस कब मिलेगी? रायगढ़ के गारे 4/6 कोल ब्लॉक केस में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार को 2 हफ्ते का वक्त दिया है और कहा है कि पूरा रोडमैप पेश करो कब, कैसे और किस हालत में जमीन लौटेगी। करीब 49 किसानों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उनका सीधा सवाल है 23 साल बाद जब खनन खत्म होगा, तो हमारी जमीन हमें मिलेगी या नहीं? कोर्ट ने भी सरकार की दलीलों पर सख्त रुख दिखाया और पूछा कि अगर जमीन अधिग्रहण नहीं हुआ, सिर्फ सतही अधिकार लिया गया है, तो फिर वापसी का साफ प्लान क्यों नहीं है?

### सोलर लाइट पोल लगाने के नाम पर वकील से 1.33 करोड़ की धोखाधड़ी

**बिलासपुर,24 मार्च।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में सोलर लाइट पोल लगाने के नाम पर वकील से 1 करोड़ 33 लाख 64 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू




कर दी है। पूरा मामला मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, रायपुर चौबे कॉलोनी निवासी वकील विनित तिवारी ने मामले की रिपोर्ट लिखाई है। उन्होंने बताया है कि उनके कनिष्ट अधिवक्ता द्वारा बताया गया कि उसके पहचान का एक मित्र भावेश जैन उसका साथी ऋतुप्रण वैष्णव और कर्ण लायजनिंग का काम करते हैं। तीनों व्यक्ति ने उनसे सोलर पैनल लगाने के नाम पर 1 करोड़ 33 लाख 64 हजार की ठगी की है। पीड़ित के मुताबिक, पैसा वापस मांगने पर ऋतुप्रण वैष्णव, संतोष कर्ण, भावेश जैन ने 1 करोड़ 33 लाख 64 हजार का चेक दिया था, जो बाउंस हो गया।

## बस्तर का अंतिम बड़ा नक्सली पापा राव करेगा सरेंडर

**रायपुर,24 मार्च।** छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में मंगलवार 24 मार्च सबसे बड़ा दिन साबित होने जा रहा है। क्योंकि, बस्तर में बचे आखरी बड़े कैडर का नक्सली पापा राव आज ही सरेंडर करने जा रहा है। वह अपने दर्जनभर साथियों के साथ जंगल से निकलकर बीजापुर जिला मुख्यालय पहुंचने के लिए निकल चुका है।



मिली जानकारी के मुताबिक, पाप राव और उनके साथियों के पास एके 47, एसएलआर जैसे कई हथियार हैं। बताया जाता है कि, पापा राव दोरला जनजाति का है। माओवादी कैडर में उसका रैंक डीकेएसजेडसी है। पुलिस के हुई कई मुठभेड़ों में वह बच कर निकलने में सफल रहा था। माना जा रहा है कि, पापा राव के सरेंडर के साथ ही छत्तीसगढ़ को नक्सलमुक्त घोषित करने का रास्ता साफ हो जाएगा।बताया जाता है कि, पापाराव उर्फ मंगू की उम्र अभी 56 साल है। वह छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले का रहने वाला है। इस समय वह नक्सल संगठन में डीकेएसजेडसीएम मेंबर है। इसके साथ ही पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी का इंचार्ज और दक्षिण सब जोनल ब्यूरो का सदस्य भी है। जानकार बताते हैं कि, उसके पास एके-47 राइफल हमेशा रहता है। उसकी खासियत यह मानी जाती है कि, वह बस्तर के कोने-कोने से परिचित है। इसीलिए वह बार- बार मुठभेड़ों में सुरक्षाबलों को चकमा देकर भागने में सफल रहता था।

करीब 25 लाख रुपये के इनामी पापा राव वेस्ट बस्तर डिवीजन का सचिव और दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का सदस्य रहा है। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, बस्तर में नक्सली गतिविधियों की कमान लंबे समय तक उसी के हाथ में रही है। उसका नाम कई बड़े हमलों में सामने आ चुका है, जिनमें कुटरू-बेदरे रोड पर हुआ आईईडी ब्लास्ट भी शामिल है, जिसमें 8 जवान शहीद हुए थे। इस हमले का मास्टरमाइंड भी पापा राव को माना गया। इसके अलावा कई एंबुश और सुरक्षाबलों पर हमलों की रणनीति बनाने में उसकी अहम भूमिका रही है। पापा राव पीएलजीए (पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी) का एक प्रमुख चेहरा माना जाता रहा है और संगठन के ऑपरेशनल से लेकर रणनीतिक फैसलों में उसकी सीधी भागीदारी रही।

### आज से प्रदेश में नक्सलवाद का खात्मा होने जा रहा है: गृहमंत्री

उधर कवर्धा में प्रदेश के गृहमंत्री और डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा है कि, छत्तीसगढ़ में आज से सशस्त्र नक्सलवाद का खात्मा होने जा रहा है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि, आज खूंखार नक्सली पापाराव के आत्मसमर्पण के बाद छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद का खात्मा हो जाएगा। श्री शर्मा ने किया दावा किया कि, पापाराव के आत्मसमर्पण के बाद छत्तीसगढ़ में नहीं बचा एक भी बड़ा नक्सली। उल्लेखनीय है कि, पापाराव पर 25 लाख रुपए का इनाम था।

### 31 मार्च तक खत्म होगा नक्सलवाद: साय

**रायपुर,24 मार्च।** नक्सली कमांडर पापा राव के सरेंडर की खबर के बीच मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का बड़ा बयान सामने आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के दृढ़ संकल्प के चलते देश में नक्सलवाद के खिलाफ अभियान तेज हुआ है और इसका असर अब साफ नजर आ रहा है। सीएम साय ने कहा कि नक्सलवाद खत्म करने की डेडलाइन (31 मार्च 2026) अब बहुत नजदीक है। ऐसे में यदि पापा राव जैसे बड़े नक्सली कमांडर सरेंडर कर रहे हैं तो यह अच्छी बात है और यह अभियान की सफलता को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में पहले ही कई नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं और सुरक्षाबलों की लगातार कार्रवाई से नक्सलवाद की कमर टूट रही है। लंबे समय से फरार चल रहे पापा राव को लेकर बातचीत के बाद सरेंडर की स्थिति बनी है।



## कोलंबिया का मिलिट्री प्लेन क्रैश, 90 सैनिकों की मौत

**पेरु,24 मार्च।** कोलंबिया का एक सैन्य विमान हादसे का शिकार हो गया है. जानकारी के मुताबिक, विमान में 110 सैनिक सवार थे. कोलंबिया के राष्ट्रपति गुसताओ पेट्रो ने इस घटना पर चिंता जताई है. कोलंबिया के सुदूर दक्षिणी अमेजन क्षेत्र में उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद 110 सैनिकों को ले जा रहा एक सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया. कोलंबिया के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह हादसा लॉकहीड मार्टिन हरक्यूलिस सी-130 विमान से जुड़ा है. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस प्लेन क्रैश में 90 सैनिकों की मौत की आशंका जताई जा रही है। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

### ईरान युद्ध पर चर्चा के लिए सरकार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली,24 मार्च।** मध्य एशिया में जारी तनाव का असर भारत पर भी देखने को मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक दिन पहले ही कहा है कि हमें भी तैयार रहने की जरूरत है। वहीं अब सूत्रों का कहना है कि सरकार ने बुधवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। जानकारी के मुताबिक बुधवार को शाम पांच बजे सर्वदलीय बैठक होगी। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक बैठक करके क्षेत्रीय सुरक्षा की समीक्षा की थी। उन्होंने सीडीएस जनरल अनिल चौहान, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह और जनरल उपेंद्र द्विवेदी व ऐडमिरल डिनेश के त्रिपाठी के अलावा डीआरडीओ चेयरमैन के साथ बैठक करके तैयारियों की जानकारी ली। ईरान और इजरायल-ईरान के बीच जारी युद्ध अब चौथे सप्ताह में प्रवेश कर गया है। वहीं होर्मुज स्ट्रेट बंद होने की वजह से पूरी दुनिया ऊर्जा संकट से जूझने लगी है। बता दें कि अमेरिका और इजरायल ने अचानक ईरान पर हमला करके उसेक सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की हत्या कर दी थी। इसी के बाद से तनाव बढ़ता ही चला गया और ईरान ने खाड़ी देशों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया।

## संसद में गूंजा रायपुर एम्स में डॉक्टर और स्टाफ की कमी का मुद्दा

**सांसद फूलोदेवी नेताम ने बयां किया अस्पताल का हाल**

**रायपुर,24 मार्च।** रायपुर एम्स में डॉक्टरों एवं अन्य स्टाफ की कमी का मुद्दा राज्यसभा में गूंजा. कांग्रेस सांसद फूलोदेवी नेताम ने शून्यकाल के दौरान अस्पताल की माली हालत बयां करते हुए रिक्त पदों को शीघ्र भरते हुए बिस्तरों की संख्या बढ़ाने की मांग की, जिससे मरीजों को समय पर इलाज मिल सके. सांसद फूलोदेवी नेताम ने राज्यसभा में शून्य काल के दौरान रायपुर एम्स में डॉक्टरों एवं अन्य स्टाफ की कमी का मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा कि यदि किसी मरीज को समय पर इलाज नहीं मिलता तो वह भी इलाज नहीं देने के समान ही माना जाता है. यही हाल रायपुर स्थित एम्स का है जहां गंभीर बीमारियों से पीडित मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल रहा है. उन्होंने बताया कि एम्स, रायपुर में चिकित्सक के 305 पद स्वीकृत हैं, जिसकी तुलना में केवल 190 चिकित्सक ही कार्यरत हैं. 115 पद खाली पडे हैं. सबसे ज्यादा कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी और सर्जरी विभाग चिकित्सक की कमी से जूझ रहे हैं. नर्स, तकनीकी एवं प्रशासनिक कार्यों में लगे स्टाफ के 3 हजार 884 पद स्वीकृत हैं, 2 हजार 387 स्टाफ कार्यरत है, 1 हजार 497 पद खाली पडे हैं.कांग्रेस सांसद ने कहा कि चिकित्सक और सहायक स्टाफ की कमी के कारण ओपीडी में तो लंबी लाइन लगती ही है, बल्कि ऑपरेशन और जांच में भी देरी हो रही है. जब भी किसी गंभीर बीमारी से पीडित को भर्ती कराने के लिए कहा जाता है तो वहां पर बैड नहीं है कहकर मना कर देते हैं. उन्होंने एम्स, रायपुर में चिकित्सक और अन्य स्टाफ के खाली पदों को शीघ्र भरने के साथ बिस्तरों की संख्या बढ़ाने की मांग की, जिससे मरीजों को समय से पूरा इलाज मिल सके.

**आगामी 25 मार्च से 03 अप्रैल तक छत्तीसगढ़ में होंगे खेलो इंडिया ट्राईबल गेम्स**

## भविष्य की खेल प्रतिभाओं को खोजने का अनूठा प्रयास

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

स्वतंत्रता के बाद से अब तक किसी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता की समाप्ति के बाद पदक तालिका देखने पर पता चलता कि हमारे प्रतिभागियों का प्रदर्शन हर बार की तरह अच्छा नहीं रहा . फिर विश्लेषण करने वाले इसको भारत की दुनिया में सबसे अधिक 147 करोड़ जनसंख्या से जोड़ देते हैं। यह ठीक है कि हमारे खिलाड़ियों ने विश्व स्तरीय स्पर्धा में प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं किया लेकिन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की खोज, प्रशिक्षण आदि के लिए क्या किया? इस बारे में बहुत कम सलाह प्राप्त होती है . खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के कई प्रयास 2014 के पूर्व हुए जो कि अपर्याप्त था। मई 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत की बागडोर संभालते ही हमारे देश में चहुंमुखी विकास की दिशा की ओर ध्यान दिया। नई सरकार के द्वारा किसान,मजदूर, आम नागरिक की समस्या को अपना स्वीकार करते हुए उसे दूर करने की कोशिश की जा रही है.इसी तरह खेलकूद के क्षेत्र को भी उन्होंने गंभीरता से लिया है।

2014 में एन डी ए की सरकार सत्ता में आई ।एनडीए के मंत्रीमंडल में खेल एवं युवा मामलों के मंत्रालय को भारत के निशानेबाजी के रजत पदक विजेता लेफ्टिनेंट कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर के हाथों सौंप दिया गया .2-3 वर्ष की मेहनत के बाद भारतीय ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों, खेल प्रशासको के साथ मिलकर खेलों इंडिया कार्यक्रम को पूरे देश में लागू करवाया। इस कार्यक्रम का नाम अब खेलो इंडिया मिशन कर दिया गया है। अब तक इन खेलों के लिए लगभग 6200 करोड़ खर्च किए जा चुके हैं . इसमें विभिन्न खेलों में स्तर के खिलाड़ियों में से सर्वाधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ी चयन करके उन्हें विश्व स्तरीय मुकाबले के लिए उचित प्रशिक्षण, आवास, भोजन ,खेल सामग्री आदि उपलब्ध कराया जा रहा है। सरकार के इस निर्णय से भारत के खेल मंच को मजबूत नींव मिला . इस योजना के माध्यम से किसी खिलाड़ी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर में मुकाबले के लिए शारीरिक, मानसिक रूप से तैयार किया जाता है फिर उसकी प्रतिभा के अनुरूप खेल के लिए उसका चयन किया जाता है। खेलो इंडिया मिशन की शुरुआत जब 2017-18 में हुई तो प्रधानमंत्री ने प्रतिभागियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, खेल सामग्री, रह-सहन, आवागमन, पढ़ाई, आदि उपलब्ध कराये गये।

किसी चैंपियनशिप में खरा उतरने के लिए प्रतिभागी का समर्पण, मेहनत व ईमानदार प्रयास की जरूरत होती है। इसके लिए इन खिलाड़ियों के बीच स्पर्धा के आयोजन की जरूरत होती है।इस दृष्टि से भारत सरकार के खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण ने मिलकर खेलो इंडिया योजना के लिए कई कार्यक्रम लागू किये गए। इनमें खेलो इंडिया यूथ गेम्स खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, खेलो इंडिया बीच गेम्स,खेलो इंडिया शीतकालीन खेल का आयोजन किया जा रहा है।

विश्वमंच में भारत को स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने छत्तीसगढ में अब खेलो इंडिया प्रथम ट्राइबल गेम्स का आयोजन छत्तीसगढ़ में किया है। यह चैंपियनशिप 25 मार्च से 03 अप्रैल तक किया जा रहा है। जिसमें तीरंदाजी,फुटबाल, हाकी,तैराकी, भारोत्तोलन, एथेलेटिक्स और कुश्ती के मुकाबले होंगे। इसमें देश भर के अनुसूचित जनजाति क्षेत्र के लगभग सभी राज्यों / इकाइयों के करीब 2000 खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। छत्तीसगढ़ के 200 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। 2036 में भारत में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के आयोजन की संभावना को देखते हुए वस्तुतः यह स्पर्धा मील का पत्थर साबित होगी। इसके सफल होने से छत्तीसगढ़ में 2029 के राष्ट्रीय खेलों के आयोजन होने की संभावना है। अतः सभी लोगों को सहयोग करना चाहिए।

### भिलाई में तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई, दो किशोर गंभीर

**भिलाई,24 मार्च।** भट्टी थाना क्षेत्र के अंतर्गत टाउनशिप में सुबह 7:15 बजे पांडे चौक सेक्टर 4 के पास तेज रफ्तार केटीएम बाइक पेड़ से जा टकराई जिसमें सवार दो किशोर गंभीर रुप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए सेक्टर - 9 अस्पताल में दाखिल कराया गया है जहां दोनों की स्थिति गंभीर बताई गई है भट्टी पुलिस के द्वारा मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है भट्टी पुलिस ने बताया कि घटना आज सुबह टाउनशिप क्षेत्र के सेंट्रल एवेन्यू रोड पर सुबह 7:15 की बताई गई है एक तेज रफ्तार केटीएम बाइक सड़क किनारे स्थित पेड़ से जा टकराई सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो किशोर गंभीर रुप से घायल हो गए हैं जिन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। मोटरसाइकिल में सवार दोनों किशोर गंभीर रुप से घायल है दसवीं कक्षा का छात्र सेक्टर 3 निवासी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवान का पुत्र बताया गया है। मोटरसाइकिल के पीछे उसका ही मित्र रिसाली निवासी बैठा था। घायल किशोर दिव्या कुमार व अक्षत चंद्राकर बताए जाते हैं भट्टी थाने पुलिस ने बताया कि दोनों ही घायलों की स्थिति गंभीर बताई गई है

## एक नजर

### कालेज की छात्र-छात्राओं ने की मां महामाया की पूजा



**कवर्धा 24 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कवर्धा में सुबह सुबह कालेज की छात्र छात्राओं ने मां महामाया मंदिर में अगरबत्ती जलाकर एवं नारियल फल चढ़ाकर मां महामाया की पूजा की । मां महामाया मंदिर में भोले बाबा एवं हनुमान भगवान एवं देवी देवताओं की पूजा की ।

### हादसे में बाइक सवार की मौत

**भिलाई 24 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कुम्हारी थाना क्षेत्र के बीती रात एक बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर नाले में गिर गया जहां पर उसकी मौत हो गई पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है कुम्हारी पुलिस ने बताया कि घटना रात 10.20 बजे की है नवागांव बेमेतरा का रहने वाला विनय जांगड़े ( 19 साल ) बाइक से अनियंत्रित होकर नाले में गिर गया। जहां उसे अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### अनुष्का सोन मिस इंडिया छत्तीसगढ़ बनी

**भिलाई 24 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** की एमबीबीएस छात्रा अनुष्का सोन को फेमिना मिस इंडिया 2026 के 61वें संस्करण के लिए मिस इंडिया छत्तीसगढ़ 2026 के रूप में चयनित किया गया है। वे इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस प्रतियोगिता की प्रारंभिक चयन प्रक्रिया कोलकाता में आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों प्रतिभागियों में से पांच फाइनलिस्ट चुनी गई। इसके पश्चात अंतिम ऑडिशन मुंबई में हुआ, जहां इस प्रतियोगिता मे नताशा ग्रोवर, निकिता पोरवाल (फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2024), गोकुल गणेशन (मिस्टर इंडिया वर्ल्ड 2024), अल्तमास फराज, सचिन कुम्भार, डॉ. ब्लॉसम कोच्चर, संदीप सोपरकर जैसे प्रतिष्ठित निर्णायकों द्वारा अनुष्का सोन को यह खिताब प्रदान किया गया। देशभर के विभिन्न राज्यों से चयनित प्रतिभागियों को अब लगभग एक माह का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके बाद भव्य अंतिम चरण भुवनेश्वर में आयोजित होगा, जहां देश को उसकी नई फेमिना मिस इंडिया 2026 मिलेगी। फेमिना मिस इंडिया, द टाइम्स ग्रुप द्वारा उनके प्रमुख ब्रांड फेमिना के अंतर्गत आयोजित एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता है।



### आयुक्त के निर्देश पर तालाबों की सफाई एवं सौंदर्यीकरण तेज



**भिलाई 24 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न तालाबों की सफाई एवं सौंदर्यीकरण कार्य में तेजी लाई गई है। इसके लिए निगम द्वारा विशेष सफाई गैंग तैनात कर अभियान चलाया जा रहा है। निगम प्रशासन का उद्देश्य तालाबों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखना है, ताकि नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिल सके और जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिले। अभियान के तहत तालाबों में जमा कचरा, गंदगी एवं जलकुंभी को हटाने का कार्य किया जा रहा है। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सफाई कार्य नियमित रूप से जारी रखा जाए तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि शहर के सभी प्रमुख जल स्रोतों की साफ सफाई प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाए। निगम के इस अभियान से शहरवासियों में उत्साह का माहौल है और पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिल रही है। सफाई के साथ-साथ तालाबों के आसपास पेंटिंग एवं चित्रकारी का कार्य भी किया जा रहा है, जिससे स्थल और अधिक आकर्षक बन रहे हैं। इसी क्रम में जोन-4 अंतर्गत सूर्यकुंड तालाब सहित अन्य तालाबों में सफाई एवं चित्रकारी का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

# सुरक्षा जागरूकता सप्ताह में व्यवहारिक सुरक्षा पर दिया जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 24 मार्च।** भिलाई इस्पात संयंत्र अंतर्गत परिवहन एवं डीजल (टी एंड डी) विभाग में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का समापन समारोह वर्क्स बिल्डिंग-14 के कॉन्फ्रेंस हॉल में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषारकान्त तथा महाप्रबंधक सुकुमारन सुनोव रहे, अध्यक्षता महाप्रबंधक प्रभारी गोपीनाथ मलिक ने की। शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद विभागीय सुरक्षा अधिकारी विजय कुमार ने सभी को सुरक्षा शपथ दिलाई। प्रारंभ में महाप्रबंधक मनोज कुमार प्रसाद ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया, जबकि गोपीनाथ मलिक ने सुरक्षा प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि तुषारकान्त ने अपने संबोधन में व्यवहारिक सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि किसी भी कार्य से पूर्व संभावित खतरों का आकलन आवश्यक है। वहीं सुकुमारन सुनोव ने सुरक्षा को व्यवहार में उतारने पर जोर दिया। इस दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। गृह व्यवस्था प्रतियोगिता में ब्लास्ट फर्नेस स्टेशन को ओवरऑल बेस्ट का सम्मान मिला, जबकि ओवरऑल बेस्ट सेफ्टी मैन के रूप में अजय विलियम को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं द्वारा प्रस्तुत सुरक्षा लघु नाटिका शादी की शर्तें आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम का संचालन रितेश कुमार तिवारी एवं रानी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक रिनोज कुमार सिंह ने किया।

### भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी बने निशु पाण्डेय

**भिलाई, 24 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता निशु पाण्डेय को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ में प्रदेश मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। इस नियुक्ति पर निशु पाण्डेय ने प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सांसद विजय बघेल एवं जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन का विशेष रूप से धन्यवाद किया। साथ ही सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनुपम पॉल एवं सहसंयोजक शरद श्रीवास्तव के प्रति भी आभार जताया।



रिसामा में परिक्षेत्रीय कर्मा जयंती समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया

# हमारा चिंतन, विचार व कार्य हमेशा समाजहित में होना चाहिए : ताम्रध्वज साहू

■ शिक्षा व अच्छा संस्कार से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है : रमशीला साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई 24 मार्च ।** ग्राम रिसामा में खोपली परिक्षेत्र का कर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, अध्यक्षता प्रदेश साहू संघ के संगठन सचिव दाऊ सुभाष साव, विशेष अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री रमशीला साहू, जिला साहू संघ दुर्ग के उपाध्यक्ष मंजू साहू, तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू, जनपद पंचायत दुर्ग उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, जिला पंचायत दुर्ग सभापति श्रद्धा साहू,जनपद सदस्य ढालेश साहू,सरपंच रोशन साहू,पूर्व तहसील उपाध्यक्ष गौकरण साहू, संरक्षक नंदकुमार गजपाल,समाज सेवी लेखुदास साहू, सलाहकार देवकरण साहू, साहू थे। कार्यक्रम में महिलाओं कि बड़ी सहभागिता रहा सुबह से कलश के साथ शोभायात्रा, भक्त माता कर्मा का पूजा अर्चना, महाप्रसादी खिचड़ी का वितरण उसके बाद अतिथि उदबोधन व सम्मान हुआ।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि भक्त माता कर्मा भक्ति, सेवा व त्याग कि प्रतिमूर्ति थीं। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर हमें अपने चिंतन, विचार व कार्य को समाज हित करना चाहिए, तब हम एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते है। पूर्व केबिनेट मंत्री रमशीला साहू ने समाज में शिक्षा व संस्कार पर जोर दिया. कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे दाऊ सुभाष साव ने समाज के सर्वांगीण विकास पर बल दिया।परिक्षेत्रीय अध्यक्ष घनश्याम गजपाल ने खोपली परिक्षेत्र के सभी ग्रामो में मृतक संस्कार में सादा भोजन व कफ़न के बदले श्रद्धांजलि दान पेटी आदि सामाजिक सुधार में प्रदेश, जिला व तहसील के नियमावली के परिपालन कि जानकारी दिया।स्वागत भाषण संरक्षक नंदकुमार गजपाल ने दिया।मंच संचालन राजेंद्र साहू व युगल किशोर साहू ने किया। आभार ग्रामीण अध्यक्ष गीतेश्वर साहू ने किया।इस अवसर पर रक्तदान का आयोजन किया गया तथा प्रतिभावान छात्रों, सामाजिक पदाधिकारियो का सम्मान किया गया।कलश सजावट में विशेष व सांत्वना पुरुस्कार दिया गया।ग्राम मतवारी के कलाकारों के सांस्कृतिक प्रस्तुति ने समा बांधा। इस अवसर पर खोपली परिक्षेत्र अध्यक्ष घनश्याम गजपाल,उपाध्यक्ष गुलाब साहू, सचिव युगल किशोर साहू, महिला उपाध्यक्ष मिना साहू, संगठन सचिव गजेंद्र गजपाल, महिला संगठन सचिव संगीता साहू, कोषाध्यक्ष थानसिंह साहू,तहसील प्रतिनिधि जमावंत गजपाल,न्याय प्रकोष्ठ सयोजक पोषण साहू,सह सचिव मन्नू लाल साहू,चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ रामदास साहूँ, समन्वयक डॉ पिलेश्वर साहू,चिंतामनी गजपाल,मिडिया प्रभारी वीरेंद्र साहू,प्रचार सचिव रूपेंद्र साहू,सरपंच द्रौपती साहू,ग्रामीण उपाध्यक्ष भोजराम साहू,हर गोपाल साहू, ममता साहू,कमलनारायण, भूपेन्द्र साहू, दुलारी साहू, हेमू राम साहू ,छेरकू राम साहू , यशस्वी साहू ,वरुनण साहू,दसेंन्द्र साहू,मन्नू साहू, किशोर गजपाल,शिवलाल साहू,पुहूप राम साहू,रमेश साहू, योगनारायण गजपाल,गणेश साहू,यशवंत साहू,गालेश्वर साहू पार प्रमुख वरण साहू, मिलन साहू, श्रीराम साहू, आत्माराम साहू, यवधन साहू,रुमेश्वर साहू, मनोज साहू, लोकनाथ साहू,चन्द्रप्रकाश साहू, केवल साहू, गणेश साहू, बुधारुराम साहू,खेमलाल साहू, केजूराम साहू,व बड़ी संख्या में सामाजिक व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### मुक्त स्वर की काव्य गोष्ठी में गीत और कविताओं की धूम रही



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 मार्च।** न्यू रूआबांधा सेक्टर में 22 मार्च को मुक्तस्वर साहित्य समिति के तत्वावधान में काव्य गोष्ठी एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहित्यकारों और कलाकारों ने अपनी रचनाओं व प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई स्टील प्लांट के पूर्व महाप्रबंधक ज्ञान चतुर्वेदी उपस्थित रहे। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार गोविन्द पाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में रजनीकांत श्रीवास्तव एवं नरेंद्र सिक्केवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं सरस्वती वंदना से हुई, जिसे संतोष जाटव जालौनी ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर समिति के उप-सचिव शंकर भट्टाचार्य ने साझा संकलन के लिए 15 अप्रैल तक रचनाएं आमंत्रित कीं। अध्यक्ष गोविन्द पाल ने भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए साहित्य सृजन को बेहतर बनाने पर जोर दिया। गोष्ठी में शमशीर शिवानी, रंजीत मंडल और मुख्य अतिथि ज्ञान चतुर्वेदी ने गीतों से माहौल को संगीतमय बना दिया। इसके अलावा दुलाल समाद्दार, वासुदेव भट्टाचार्य, आकांक्षा तिवारी, मोहम्मद हुसैन मुजाहिर, विपुल सेन, मंजुलता शर्मा, गजराज दास महंत सहित कई रचनाकारों ने काव्य पाठ किया। गोविन्द पाल और संतोष जाटव जालौनी को गजराज दास महंत द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। नरेंद्र सिक्केवाल ने आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

### अफीम मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई 24 मार्च।** सप्ताहभर पूर्व 403 ग्राम अफीम के मामले में कुम्हारी खारुन ग्रीन कॉलोनी से आरोपी गुरमेल सिंह की गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस ने मोबाइल सीडीआर व बैंक ट्रांजेक्शन के आधार पर रायपुर और झारखंड के अफीम सप्लायरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 11 ग्राम अफीम एवं मोबाइल बरामद किया है कुम्हारी प्रभारी पुरुषोत्तम कुर्रे ने बताया कि 17 मार्च को आरोपी गुरमेल सिंह ( 70 साल ) निवासी खारुन ग्रीन कॉलोनी हाउस नंबर 50 कुम्हारी के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ अफीम तथा बिक्री की 14 लाख 46 हजार रुपए नगद बरामद किया गया था उसी मामले में विवेचना के दौरान आरोपी से पूछताछ, बैंक खाते के लेन–देन एवं मोबाइल कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) के विश्लेषण के आधार पर अफीम सप्लाई नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की पहचान की गई इस प्रकरण में आरोपी शिवप्रसाद कुमार साहू ( 26 साल ) निवासी लांजी, थाना गुमला, झारखंड एवं रेशम सिंह उर्फपप्पू पाजी ( 60 साल )निवासी टाटीबंद हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, भारतमाता स्कूल के पास, रायपुर को गिरफ्तार किया गया आरोपियों के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ अफीम एवं मोबाइल जब्त किया है।



### आयुक्त ने नाला निर्माण का किया निरीक्षण

**भिलाई, 24 मार्च।** आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने शहर के खेल परिसर एवं भेलवा तालाब सर्विस रोड के पास चल रहे नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करना है, जिससे बारिश के समय होने वाली जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूरा किया जाए, ताकि आम नागरिकों को शीघ्र लाभ मिल सके। उल्लेखनीय है कि नाला निर्माण कार्य अभी प्रगति पर है और नगर निगम द्वारा इसे जल्द पूर्ण करने के प्रयास किए जा रहे हैं। परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में जल निकासी की स्थिति में सुधार आएगा और स्थानीय निवासियों को काफी राहत मिलेगी।



# सिंटरिंग प्लांट में शून्य दुर्घटना लक्ष्य पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 24 मार्च।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र अंतर्गत सिंटरिंग प्लांट-3 में सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक सजीव वर्गीस ने की। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रभारी राहुल बिजूरकर एवं महाप्रबंधक जे. तुलसी दासन विशेष रूप से उपस्थित रहे। शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सामूहिक सुरक्षा शपथ के साथ हुआ, जिसमें शून्य दुर्घटना के लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई गई। विभागाध्यक्ष द्वारा स्वागत उद्बोधन में वर्ष 2025-26 की सुरक्षा उपलब्धियों एवं नई पहलों की जानकारी देते हुए सुरक्षा सप्ताह के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में सभी से सक्रिय भागीदारी की अपील की गई। अपने संबोधन में मुख्य महाप्रबंधक सजीव वर्गीस एवं जे. तुलसी दासन ने कार्यस्थल पर कर्मचारी सहभागिता, व्यवहारिक सुरक्षा तथा आधुनिक डिजिटल सुरक्षा प्रणालियों के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया। कार्यक्रम में ई-पीटीडब्ल्यू (इलेक्ट्रॉनिक परमिट टू वर्क) प्रणाली की जानकारी भी दी गई, जिसे सुरक्षा प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया। इसके साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया, जिसमें कर्मियों द्वारा गीत एवं लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक ए. के. बेडेकर द्वारा किया गया।

### नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़ पर चित्रकला कार्यशाला का होगा आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 मार्च।** छत्तीसगढ़ राज्य के सुविख्यात चित्रकार नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़ विषय पर पेंटिंग बनाएंगे। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने अपने निवास पर मिलने आए कलाकारों को उनके सामाजिक कार्यों के लिए साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि नक्सलियों के हिंसक कार्यों को बुद्धिजीवी वर्ग द्वारा न केवल राज्य में, बल्कि पूरे भारत में प्रदर्शित किया जाना चाहिए, ताकि लोग समझ सकें कि इनके कारण छत्तीसगढ़ ने कितना नुकसान सहा है। गृहमंत्री ने यह भी कहा कि इन घटनाओं को कैनवास पर उतारना प्रासंगिक है, जिससे जनमानस के सामने सत्य उजागर होगा और विश्व स्तर पर यह संदेश जाएगा कि बंदूक से किसी समस्या का समाधान संभव नहीं है। इस अवसर पर ललित कला अकादमी, नई दिल्ली के सदस्य डॉ. अंकुश देवांगन, सुप्रसिद्ध चित्रकार रोहिणी पाटणकर, प्रवीण कालमेघ, गुंजन शर्मा और तरुण धोटे उपस्थित थे। मुलाकात के दौरान रोहिणी पाटणकर, गुंजन शर्मा और प्रवीण कालमेघ ने बताया कि नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़ विषय पर पेंटिंग बनाने के लिए खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय, कोंडागांव, रायपुर, बस्तर, दुर्ग और भिलाई के कलाकारों में विशेष उत्साह है। वहीं प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस. विद्यार्थी, बी.एल. सोनी, मशहूर मूर्तिकार मोहन बराल, मीना देवांगन एवं साहित्यकार मेनका वर्मा ने जानकारी दी कि इस कार्यशाला की तैयारी इस प्रकार की जा रही है कि यह दर्शकों के लिए लंबे समय तक यादगार बने।

गोल्डन माला’ बीरन से संवर रही बैगा महिलाओं की जिंदगी

# संभागीय सरस मेला में बीरन माला को देखने पहुंच रहे लोग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा 24 मार्च।** जब हुनर के साथ परंपरा और प्रकृति का मेल होता है, तो वह केवल आभूषण नहीं, बल्कि एक ‘विरासत’ बन जाती है। छत्तीसगढ़ की वादियों में बसी बैगा जनजाति की महिलाओं ने अपनी प्राचीन कला ‘बीरन’ के जरिए आज आधुनिक बाजार में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। संभागीय सरस मेले में इन महिलाओं द्वारा तैयार हस्तशिल्प न केवल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, बल्कि गरीबी उन्मूलन की दिशा में एक नई उम्मीद भी जगा रहा है। बीरन’ केवल एक माला नहीं, बल्कि बैगा संस्कृति का आध्यात्मिक रत्न है। इसकी निर्माण प्रक्रिया किसी साधना से कम नहीं है । पारिजात की टहनी के रेशों और दुर्लभ ‘सूताखर’ घास से बनाया जाता है। पारिजात की टहनी से नस निकालकर छल्ले बनाए जाते हैं, जिन पर सूताखर घास के मजबूत रेशों से कलात्मक गांठें लगाई जाती हैं: सूखने और बुनाई के बाद इसके रेशे सोने की तरह चमकने लगते हैं, जिसके कारण इसे ‘गोल्डन माला’ भी कहा जाता है। इसमें किसी भी मशीन का उपयोग नहीं होता; यह पूरी तरह हाथों की कारीगरी है।

सांस्कृतिक गौरव और सम्मान का प्रतीक

बैगा समुदाय में बीरन का महत्व अत्यधिक है। इसे त्योहारों, विवाहों और मांगलिक कार्यों में धारण किया जाता है। साथ ही, देवताओं, पूर्वजों और अतिथियों के स्वागत में इसे सम्मान के रूप में पहनाया जाता है। कबीरधाम जिले के ग्राम छिंदपुर एवं पिपरहा तरेगांव जंगल कलस्टर की महिला स्व-सहायता समूह अब इस विलुप्त होती कला को बाजार तक पहुँचा रही हैं।

यह हमारी अंतरात्मा की साधना है। हम केवल घास नहीं बुनते, बल्कि अपनी संस्कृति और प्रकृति के प्रति अपना प्रेम पिरोते हैं। – समूह की एक शिल्पकार महिला

#### आर्थिक सशक्तिकरण की नई राह

संभागीय सरस मेले में लगे स्टॉल के माध्यम से इन महिलाओं को अपनी कला के प्रदर्शन और विक्रय का बड़ा मंच मिला है।

**गरीबी उन्मूलन:** हस्तशिल्प के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आय का सीधा साधन मिल रहा है।

**विरासत का संरक्षण:** लुप्त होती ‘सूताखर’ घास और पारिजात के औषधीय महत्व को पहचान मिल रही है।

**कौशल विकास:** नई पीढ़ी की महिलाएं भी इस प्राचीन हुनर को सीखकर आत्मनिर्भर बन रही हैं।

बैगा महिलाओं की यह पहल साबित करती है कि यदि प्राचीन कौशल को सही मंच मिले, तो वह गरीबी की बेड़ियों को काटकर स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। ‘बीरन’ आज केवल मैकाल की पहाड़ियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह इको-फ्रेंडली और सांस्कृतिक हस्तशिल्प के रूप में अपनी चमक बिखेर रहा है। संभागीय सरस मेला में गोल्डन मेला को देखने एवं जानकारी के लिए पहुंचते हुए दिखे । तरुण छत्तीसगढ़ ने जब बैगा महिलाओं से सवाल किया की आप लोगों का सुंदर आवास बन गया है तो बैगा महिलाओं ने कहा की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बहुत सुंदर आवास बना है ।

# अंतरराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन में आचार्य महेश चंद्र शर्मा सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 मार्च।** साहित्य-संस्कृति मर्मज्ञ आचार्य डॉ. महेश चंद्र शर्मा ने चतुर्थ अंतरराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन में सहभागिता करते हुए सामाजिक समरसता के आदर्श राम वनवासी समाज के विशेष संदर्भ में विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया, जिसे सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं हरियाणा व त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी ने डॉ. शर्मा को सम्मान-पत्र और सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मेलन का आयोजन तुलसी मानस प्रतिष्ठान और रामायण केन्द्र भोपाल द्वारा मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के सहयोग से किया गया। सम्मेलन में भारत के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ ब्रिटेन, अमेरिका, रूस, जापान, मॉरीशस और श्रीलंका सहित कई देशों के विद्वानों ने भाग लिया। अपने शोध-पत्र में डॉ. शर्मा ने भगवान राम को सामाजिक समरसता, प्रेम और सद्भाव का प्रतीक बताते हुए उनके जीवन प्रसंगों के माध्यम से समानता और मानवीय मूल्यों का संदेश प्रस्तुत किया। चार दिवसीय इस आयोजन में अनेक विद्वान, साहित्यकार और संस्कृति प्रेमी उपस्थित रहे।



# शहीद दिवस पर 'मेरा युवा भारत' राजनांदगांव ने किया पदयात्रा का आयोजन

■ युवाओं ने लिया राष्ट्र निर्माण का संकल्प

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 24 मार्च।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की इकाई 'मेरा युवा भारत' राजनांदगांव द्वारा आज महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान को याद करते हुए 'शहीद दिवस' के अवसर पर एक भव्य पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका से प्रारंभ हुई।




'मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारी' के नारे लगाते हुए युवाओं ने लिया हिस्सा

इस पदयात्रा का आयोजन ÷मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारी की टैगलाइन के साथ किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करना और उन्हें नागरिक कर्तव्यों के प्रति सचेत करना था। महाविद्यालय के अवंती चौक से शुरू होकर यह पदयात्रा लगभग 3 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए कचहरी चौक पर समाप्त हुई।

### युवाओं में रहा अभूतपूर्व उत्साह

कार्यक्रम में लगभग 120 युवाओं ने अत्यंत उत्साह और ऊर्जा के साथ हिस्सा लिया। हाथों में तिरंगा लिए और देशभक्ति के नारे लगाते हुए युवाओं ने वीर शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### गरिमामयी उपस्थिति

इस अवसर पर मुख्य रूप से निम्नलिखित अतिथि एवं अधिकारी उपस्थित रहेः श्री शुभजीत डे, जिला युवा अधिकारी (माय भारत राजनांदगांव ) श्री भारतेन्दु प्रसाद वर्मा, अतिथि व्याख्याता श्रीमती प्रीति खुर्सेल डॉ. धर्मेंद्र साहू, अतिथि व्याख्याता श्री जयप्रकाश वर्मा एवं श्री विनोद वर्मा तेजस्वी वर्मा, प्रतिनिधि, मेरा युवा भारत

जिला युवा अधिकारी श्री शुभजीत डे ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का बलिदान हमें सिखाता है कि राष्ट्र सर्वोपरि है। 'मेरा युवा भारत' मंच के माध्यम से युवा अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाकर विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने शहीदों की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

---

## एक नजर

### बच्चे के साथ मारपीट करने वाला सिक्योरिटी गार्ड गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 24 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप, सोशल मीडिया आदि में एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें अंबुजा अदानी सीमेंट संयंत्र के सिक्योरिटी गार्डो द्वारा एक नाबालिक बच्चे के साथ मारपीट किया जा रहा है। उक्त मामले पर तथा वायरल वीडियो को तुरंत संज्ञान में लेते हुए प्रार्थी कार्तिक साहू निवासी ग्राम रवान की रिपोर्ट पर दिनांक 22.03.2026 को रात्रि 09.30 बजे थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 256/2026 धारा 296,351(2),115(2),3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। तत्पश्चात थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए नाबालिक बच्चे के सांथ मारपीट करने वाले आरोपी सिक्योरिटी गार्ड को दिनांक 22.03.2026 की रात्रि में ही रिपोर्ट के 01 घंटे के भीतर हिरासत में लिया गया। मामले में जांच एवं विवेचना कार्रवाई जारी है तथा गवाहों से पूछताछ एवं वायरल वीडियो के आधार पर प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाती है। प्रकरण में आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समस्त प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### लोक निर्माण विभाग ने किया डीके कॉलेज खेल मैदान का समतलीकरण



**बलौदाबाजार,24 मार्च।** पिछले कुछ माह से दाऊ कल्याण शासकीय महाविद्यालय बलौदाबाजार परिसर में निर्माण कार्यों के चलते खेल मैदान पूरी तरह से खराब हो गया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा खेल मैदान का समतलीकरण कराया जा रहा है।कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग द्वारा खेल मैदान का समतलीकरण कार्य प्रगति पर है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियो ने बताया कि परिससर में निर्माण कार्य जारी होने के कारण मैदान क्षतिग्रस्त है लेकिन विभाग द्वारा इसका जल्द समतलीकरण कर लिया जाएगा।

### शासकीय अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

**बलौदाबाजार,24 मार्च।** पंजीयन विभाग द्वारा राजस्व संग्रह को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।मार्च माह के अंत में आने वाले शासकीय अवकाश के दिनों में भी पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने पंजीयन कार्य 28 मार्च अंतिम शनिवार, 29 मार्च अंतिम रविवार एवं 31 मार्च महावीर जयंती को भी जिले के पंजीयन कार्यालय खुले रखने के आदेश दिये हैं। इन दिनों में पंजीयन कार्यालयों को खोलकर दस्तावेजों का पंजीयन कार्य किया जाएगा. साथ ही 31 मार्च तक बैंकिंग लेनदेन सुचारू रखने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि राजस्व प्रक्रिया प्रभावित न हो. इस संबंध में जिला पंजीयक एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### मुख्यमंत्री कार्यक्रम के लिए वाहन पार्किंग निर्धारित

**बलौदाबाजार 24 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में 25 मार्च 2026 को पंडित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार खेल मैदान में प्रस्तावित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत राशि अंतरण कार्यक्रम हेतु वाहन पार्किंग स्थल निर्धारित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कसडोल अनुभाग की ओर से आने वाली वाहन दशहरा मैदान एवं नगर भवन में पार्क होगी। इसीतरह पलारी अनुभाग की ओर से आने वाली वाहन ऑडिटोरियम एवं पण्डित चक्रपाणी शुक्ल स्कूल परिसर में, भाटापारा एवं सिमगा अनुभाग की ओर से आने वाली वाहन एसपी बंगला आस -पास व मारुती रेस्टोरेंट, बलौदाबाजार व लवन तहसील अंतर्गत वाहन तहसील कार्यालय बलौदाबाजार,जनपद कार्यालय एवं साहु समाज सामुदायिक भवन के पास पार्क करेंगे।

## निधन

### नारायण सिंह कुंजाम



**कलकसा( डोंगरगढ़)24 मार्च।** कलकसा निवासी नारायण सिंह कुंजाम 72 वर्ष का देर रात अकस्मात निधन हो गया। कुंजाम सहज सरल स्वभाव के धनी थे। वे गोंड समाज मुड़ा परिक्षेत्र के अध्यक्ष नरोत्तम कुंजाम के ज्येष्ठ भ्राता थे। अपने पीछे एक पुत्र दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार को छोड़कर चले गए। इनके अंतिम संस्कार में गोंड समाज के प्रमुख गण एवं आस पास सहित अधिक संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### जालम सिंह परिहार



**डोंगरगढ़ 24 मार्च।** स्थानीय वरिष्ठ अधिवक्ता व बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के मंत्री महेंद्र सिंह परिहार के बड़े भाई जालम सिंह परिवार का 76 वर्ष की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे उनका अंतिम संस्कार 24 मार्च मंगलवार को जेल रोड स्थित मुक्तिधाम में सुबह 11:30 बजे किया जाएगा। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनके निधन पर राजपूत समाज बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति विश्व जागृति मिशन सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

---

### डिप्टी सीएम शर्मा ने 11.49 करोड़ से बनने वाले भोरमदेव सकरी फीडर नहर विस्तारीकरण का किया भूमिपूजन

# परियोजना के पूर्ण होने पर 6 गांवों के 770 हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई होगी

**रायपुर, 24 मार्च।** चैत्र नवरात्रि पंचमी की पावन तिथि के अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत वनांचल ग्राम बद्दो में किसानों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने 11.49 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले भोरमदेव सकरी फीडर नहर विस्तारीकरण कार्य का विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पूर्ण होने पर क्षेत्र के 6 गांवों के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। नहर विस्तारीकरण के माध्यम से लगभग 770 हेक्टेयर कृषि भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे किसानों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि के साथ-साथ उनकी आय में भी बढ़ोतरी होगी। कार्यक्रम में पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण सदस्य श्री भगत पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, श्री नितेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत श्री नन्द श्रीवास, श्री राम किंकर वर्मा, श्री लोकचंद साहू सहित जनप्रतिनिधि और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि भोरमदेव सकरी फीडर नहर के विस्तार से क्षेत्र के हजारों किसानों को बड़ा लाभ मिलेगा। इस नहर से खेतों तक पानी आसानी से पहुंचेगा और खेती में सुधार होगा। उन्होंने बताया कि 770 हेक्टेयर जमीन को स्थायी सिंचाई की सुविधा मिलेगी, जिससे फसल अच्छी होगी और किसानों की आमदनी बढ़ेगी। इससे गांव की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सरकार का मकसद सिर्फनिर्माण करना नहीं, बल्कि ऐसे काम करना है जिससे किसानों का जीवन बेहतर हो। उन्होंने कहा कि इस बड़ी परियोजना की शुरुआत यह दर्शाती है कि वर्तमान सरकार वनांचल क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता दे रही है। सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्रों तक भी विकास की योजनाएं पहुंचे और वहां के लोगों को इसका पूरा लाभ मिल सके।



उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि भोरमदेव सकरी फीडर नहर के विस्तारीकरण कार्य को सफल बनाने के लिए जन सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि इस तरह की बड़ी परियोजनाएं तभी समय पर और बेहतर तरीके से पूरी हो पाती हैं, जब स्थानीय लोगों, विशेषकर किसानों का पूरा सहयोग मिलता है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि यह नहर उनके ही हित में बनाई जा रही है। सभी गांवों के किसानों की सहभागिता और सहयोग से ही इस परियोजना को तेजी से पूरा किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जब जनभागीदारी के साथ विकास कार्य होते हैं, तो उनका लाभ भी लंबे समय तक और प्रभावी रूप से मिलता है। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिले में चल रहे विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी भी साझा की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में सड़क, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर क्षेत्र में संतुलित विकास हो और गांव-गांव तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचें। इसके लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं और अनेक कार्य तेजी से प्रगति पर हैं।

**योजना से बहुउद्देशीय लाभः** इस योजना से 635 हे. क्षेत्र में सिंचाई की कमी की पूर्ति सहित 770 हेक्टेयर रूपांकित क्षेत्र में खरीफफसलों की सिंचाई होगी। असिंचित क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होने पर कृषि भूमि की दरों में उन्नयन होगा। नहरों के सर्विस बैंक निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही, सिंचाई सुविधा मिलने से किसान अब एक से अधिक फसल लेने में सक्षम होंगे, जिससे उनकी आय में बढ़ोतरी होगी और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। यह योजना क्षेत्र के किसानों के लिए दीर्घकालीन रूप से लाभकारी साबित होगी और ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलेगी।

---

## चैत्र नवरात्रि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए कांग्रेस ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 24 मार्च।** डोंगरगढ़ अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। मेले में उमड़ने वाली भीड़ और पदयात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा मांग है कि शहर के भीतर भारी वाहनों के प्रवेश पर तत्काल रोक लगाई जाए इसी संबंध मे पूर्व भी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा दिनांक 18 मार्च को इन मार्गों पर स्पीड ब्रेकर बनाने का आवेदन किया था किंतु अभी तक पी.डब्ल्यू.डी. विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई है। अन्यथा जन भावनाओं को देखते हुए व्यापक जन आंदोलन की स्थिति निर्मित हो सकती है जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उक्त ज्ञापन देने अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी हरीश भंडारी ,ग्रामीण अध्यक्ष पंचराम चंदेल, नलिनी मेश्राम, रिमी भाटिया ,संजय यादव, केशव टांडी, पार्षद जय किशोर अंबादे,पार्षद राहुल यादव ,अखिल भाई ,नरेश करसे, राजेश मंडावी ,अंकिलिया बाई,सारिका बघेल, मनोज साहू, प्रमोद टेंभुर्णिकर , बब्बू खान, रूपेश मसीह, गोपाल वर्मा,कीर्तन राम ,धनु लाल, मनोहर साहू ,दुलीचंद बडोले,सुरेंद्र अंबादे,रामेश्वर ,घनश्याम सहित दर्ज़नो कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वार्ड क्रमांक-3 में नपा अध्यक्ष ने किया डामर सड़क निर्माण का भूमिपूजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 24 मार्च।** नगर के वार्ड क्रमांक 3 में डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रमन डोंगरे के मुख्य आतिथ्य एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रीय नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही।भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। लंबे समय से जर्जर सड़क की समस्या से जूझ रहे वार्डवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया और इसे क्षेत्र की अत्यंत आवश्यक मांग बताया। इस अवसर पर अध्यक्ष रमन डोंगरे ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य शासन द्वारा विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में आधारभूत संरचनाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है, जिसका लाभ डोंगरगढ़ नगर को भी निरंतर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए नगर पालिका प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि इस सड़क निर्माण कार्य के पूर्ण होने से वार्ड क्रमांक 3 के नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी, जिससे दैनिक जीवन में सहजता आएगी। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, सभापति अमित जैन, पार्षदगण हरीश मोटघरे, अनीश निर्मलकर, शिवांगी साखरे, रतन कोसे, राजेश कंडरा, शारदा यादव एवं देवेंद्र साखरे सहित शहर महामंत्री विनय बंसल, महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ़, वात्सल्य श्रीवास्तव एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने विकास कार्यों के लिए शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अवैध शराब बिक्री रोकने होटल, ढाबा, ठेला आदि में पुलिस ने मारे छापे

**बलौदाबाजार 24 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना कसडोल पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना कसडोल की पुलिस टीम द्वारा दिनांक 23.03.2026 को कसडोल नगर में शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सडक मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले तथा सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले कुल 04 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। पकड़े गए सभी 04 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं तथा पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत भी कार्यवाही किया गया है।



---

# सीएम साय के आगमन की तैयारी का कलेक्टर ने लिया जायजा,अधिकारियों को दिये जरूरी निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 24 मार्च।** दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत राज्य स्तरीय राशि अंतरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का 25 मार्च 2026 को बलौदाबाजार आगमन प्रस्तावि है। इसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा पण्डित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल मैदान में तैयारी किया जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सोमवार को अधिकारियो के साथ तैयारी का जायजा लेकर जरुरी निर्देश दिये। कलेक्टर ने मुख्य मंच, ग्रीन रूम, व्हीआईपी, मीडया, हितग्राही सहित अन्य बैठक व्यवस्था की जानकारी ली। इसके साथ ही विभागीय स्टॉल, हेल्थ कैम्प, व्हीआईपी एवं सामान्य प्रवेश द्वार, वाहन पार्किंग, कार्यक्रम स्थल पर आने रूट की भी जानकारी लेकर उत्कृष्ट व्यवस्था के निर्देश दिये। उन्होंने पेयजल, बायोटॉयलेट, साफ-सफाई,फायर ब्रिगेड,एम्बुलेंस, मुख्य मंच की साज -सज्जा के सबंध में संबंधित अधिकारियो को निर्देशित किया।इसके पश्चात डी. के. कॉलेज ग्राउंड में हेलीपेड निर्माण का भी निरीक्षण किया। उन्होंने हेलीपेड में नियमित पानी छिड़काव करने, कच्ची सड़क पर मुरुम डालने के भी निर्देश दिये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, एसडीएम प्रकाश कोरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# शराब कोचिया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 24 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 23.03.2026 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना कसडोल पुलिस टीम द्वारा कसडोल नगर में इंदिरा कालोनी तथा बलार रोड में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचियों से 02 अलग-अलग मामलों में ?5280 कीमत मूल्य का 66 पाव देशी प्लेन शराब जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना कसडोल में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की गई है।



---

### तीन दिवसीय सरगुजा ओलम्पिक-26 का शानदार समापन

# संभाग के सभी जिलों के दो हजार से अधिक प्रतिभागियों ने 12 खेल विधाओं में लिया हिस्सा, विजेता किए गए पुरस्कृत

**रायपुर, 24 मार्च।** सरगुजा ओलम्पिक 2026 के संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं का शानदार समापन सोमवार को पीजी कॉलेज ग्राउण्ड अम्बिकापुर में हुआ। समापन समारोह में भारतीय फुटबाल टीम के पूर्व कप्तान, पद्मश्री एवं अर्जुन अवार्ड से सम्मानित श्री बाइचुंग भूटिया शामिल हुए। उन्होंने खिलाडियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं आज यहाँ सिक्किम से आप सभी खिलाड़ियों में जोश की भावना सिंचित करने आया हूं। आप सबको मैं एक ही मैसेज देना चाहता हूं कि आप लोग लगन के साथ कड़ी मेहनत करें, सफलता जरूर मिलेगी। मुझे खुशी है कि छत्तीसगढ़ शासन खेलों को विशेष प्राथमिकता दे रही है। इसका असर हमें जरूर दिखेगा और छत्तीसगढ़ के युवा खेलों में देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मैं भी ट्राइबल लड़का हूँ और सिक्किम के छोटे से गाँव से आता हूं। वहाँ से निकलकर मुझे भारत के लिए खेलने का मौका मिला है, यह मैटर नहीं करता कि आप कहां से हैं जबकि आपकी प्रतिभा और मेहनत आपको आगे लेकर जाती है। मुझे भरोसा है कि आने वाले समय मे छत्तीसगढ़ से भी बहुत से खिलाड़ी ओलम्पिक मेडल लेकर आएंगे और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं, वहीं शासन प्रशासन को धन्यवाद दिया।



कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा कि किसी काम को पूरा करने में अगर पूरी जुनून, लगन और अनुशासन हो, तो निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी। हमारी छत्तीसगढ़ सरकार ने युवाओं को अवसर दिया है, आज छत्तीसगढ़ के हर कोने से खिलाड़ी निकलकर आ रहे हैं। आपको जो प्लेटफार्म मिला है, इसका भरपूर उपयोग करें और आगे आएं। हमें गर्व होता है कि सरगुजा अंचल में ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, जो राष्ट्रीय मंच पर अपना एक जलवा बिखेर चुके हैं। निश्चित ही आने वाले समय में भी इन खेलों के माध्यम से प्रदेश के खिलाड़ी भी देश के लिए मेडल जीतकर लाएंगे।

# एक बार खर्च कर बना देना काफी नहीं होता है

चाहे सरकार हो,नगर निगम हो,जिला पंचायत हो, जनपद पंचायत हो या पंचायत हो। किसी भी राजनीतिक दल का नेता उसका मुखिया होता है तो वह अपने कार्यकाल में कई काम करना चाहता है ताकि बाद में लोग याद करें कि उसके कार्यकाल में जनहित के क्या क्या काम हुए थे।यह काम सरकारी पैसे से होता है, जनता के पैसे से होता है इसलिए सोच यहीं तक सीमित तक रहती है कि एक बार पैसे खर्च कर बना देना है, बन गया तो नाम हो गया कि उस नेता के समय यह काम कराया गया था।बनाते वक्त अक्सर ज्यादातर नेता व राजनीतिक दल यह भूल जाते हैं कि जो काम उन्होंने कराया है, उनके बाद उसके रखरखाव का खर्च कौन करेगा। जैसे कहीं करोड़ो खर्च कर फव्वारा लगवा दिया। कहीं तालाब को सुंदर बनाने करोड़ों खर्च कर दिए, कहीं लोगों के मनोरंजन व खाने पीने के लिए चौपाटी बनवा दी।कहीं स्मार्ट बस स्टाप बनवा दिया, कहीं स्मार्ट शौचालय बनवा दिए, कहीं वाटर एटीएम बनवा दिया। कहीं हमर अस्पताल बनवा दिया।इन सारे कामों मे करोड़ों रुपए खर्च होते हैं और बाद में इनके रखरखाव के लिए संस्थाओं के पास कोई बजट नहीं होता है, इससे यह सब काम बेकार साबित होते हैं, इसका कोई लाभ शहर को नहीं मिलता है, लोगों को नहीं मिलता है। रखरखाव के अभाव में यह सारे निर्माण कार्य लोगों को याद दिलाते रहते हैं कि हमारे जनहित में काम करने वाली संस्थाएं कितनी गैरजिम्मेदार होती है। एक सरकार ने कोई निर्माण कराया है तो दूसरी सरकार यह सोचती है कि इसका रखरखाव कराने से तो नाम पहली सरकार का होगा इसलिए वह रखरखाव में कोई पैसा खर्च नहीं करती है।हर सरकार अपने समय में ऐसे बहुत से काम कराती है जिसका रखरखाव दूसरी सरकार के आने पर नहीं होता है यानी निर्माण कार्यों के रखरखाव के लिए दूसरी सरकार के पास कोई पैसा नहीं होता है। सरकारे नए नए काम में बड़े शौक से सरकारी पैसा, जनता का पैसा दिल खोलकर करती हैं लेकिन पुराने काम की ओर नई सरकार ध्यान नहीं देती है। इससे कई काम अधूरे पड़े रहते हैं, इससे पुराने कामों की लागत बढ़ती रहती है। जनता को कई तरह की सुविधा इसीलिए नहीं मिलती है कि सरकारों का ध्यान नई नई योजनाएं बनाने में रहता है, पुरानी योजनाओं को पूरा करने, पुराने कामों के रखरखाव में पैसा खर्च करने में नहीं रहता है। अपनी सरकार के आने पर कोई पार्टी शहीद नेताओं की याद में 18 लाख खर्च कर एक शहीद स्मारक बनाती है ताकि आने वाले समय में राज्य व पार्टी के लोगों को यह याद रहे कि उनकी पार्टी के नेताओं ने शहादत दी थी लेकिन वह स्मारक बनाते वक्त यह भूल जाते हैं कि दूसरी सरकार आएगी तो वह स्मारक के रखरखाव में पैसा क्यों खर्च करेगी क्योंकि यह शहीद स्मारक तो एक पार्टी के नेताओं की याद में बनाया गया है। हुआ यही है कि कांग्रेस ने झीरम घाटी में शहीद अपने नेताओं की याद में जो स्मारक अपने समय बनाया था उसकी हालत रखरखाव में पैसा खर्च न किए जाने से ठीक नहीं है। उसकी हालत देखकर लगता है कि पार्टी के नेताओं को अपने शहीद नेताओं के प्रति श्रध्दा की कमी है। अपने शहीद नेताओं के प्रति श्रध्दा होती तो क्या स्मारक की यह हालत होती। श्रध्दा होती तो शहीद नेताओं के स्मारक के रखरखाव के लिए पार्टी फंड से खर्च किया जाता या खर्च की कोई व्यवस्था की गई होती।

## राजनीति

# महिलाओं के सम्मान के मामले में योगी से काफी पीछे हैं अखिलेश

**अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार**



भारतीय जनता पार्टी की मजबूत पकड़ वाले महिला वोट बैंक पर अब समाजवादी पार्टी की नजर लग गई है. पीडीए-पीडीए करते-करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव प्रदेश की उन महिलाओं को लुभाने में लग गए हैं, जो अखिलेश यादव के शासनकाल में सबसे ज्यादा डरी सहमी रहती थी. इसी को मुद्दा बनाकर 2017 में बीजेपी ने यूपी में सत्ता हासिल की थी. इस हकीकत से इनकार नहीं किया जा सकता है कि योगीराज में महिलाएं अपने आप को समाजवादी सरकार के समय से ज्यादा सुरक्षित महसूस करती हैं. इस बात का प्रमाण है भाजपा को मिलने वाला महिलाओं का वोट. महिला वोटर खुलकर भाजपा के पक्ष में मतदान करते हैं, इसकी सबसे बड़ी समाजवादी सरकार के समय महिलाओं के साथ हुआ अत्याचार.खैर सुबह का भूला शाम को वापस आ जाए तो उसे भूला नहीं कहते. अब अखिलेश यादव को महिलाओं के सम्मान की चिंता सताने लगी है. लखनऊ में रविवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर जब महिलाओं का सम्मान समारोह शुरू हुआ तो माहौल एकदम अलग था। अलग-अलग क्षेत्रों में बेहतर काम करने वाली सैकड़ों महिलाओं को माला पहनाकर और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सपा अध्यक्ष अखिलेश ने साफ कहा कि अगर 2027 में सपा की सरकार बनी तो नारी समृद्धि सम्मान योजना शुरू होगी और इसके तहत गरीब परिवार की हर महिला को सालाना 40 हजार रुपये सीधे बैंक खाते में दिए जाएंगे। साथ ही पुरानी समाजवादी पेंशन योजना को भी नई रूप में बहाल किया जाएगा। यह घोषणा महज कोई वादा नहीं बल्कि सपा की नई चुनावी रणनीति का सबसे बड़ा हिस्सा है जिससे आधी आबादी यानी महिला वोट बैंक को लक्ष्य बनाया गया है। वैसे बता दे इस तरह के दावे सपा प्रमुख अखिलेश यादव पिछले विधानसभा चुनाव में भी कर चुके हैं लेकिन महिला मतदाताओं ने उन पर विश्वास नहीं किया.दरअसल, अखिलेश यादव पिछले कई सालों से सत्ता वापसी की कोशिश में लगे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने पीडीए यानी पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक फॉर्मूले के जरिए भाजपा को काफी नुकसान पहुंचाया था। अब 2027 के लिए उन्होंने उस फॉर्मूले में एक और अक्षर जोड़ दिया है। वह है ए यानी आधी आबादी। उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर लिखा कि पीडीए के साथ ए को जोड़कर महिला सशक्तिकरण को चुनावी एजेंडा बनाया जाएगा। कार्यक्रम में उन्होंने अपनी पुरानी योजनाओं का भी जिक्र किया। 1090 हेल्पलाइन हो या मुलायम सिंह यादव कन्या विद्याधन योजना और रानी लक्ष्मीबाई योजना इन सबको याद दिलाते हुए उन्होंने कहा कि सपा हमेशा महिलाओं की सुरक्षा सम्मान और अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी समाज की प्रगति महिलाओं की स्थिति से तय होती है। अगर स्त्रियों की स्थिति की जानकारी हो जाए तो पूरे समाज की तस्वीर साफ हो जाती है। कार्यक्रम का नाम रखा गया था मूर्ति देवी मालती देवी महिला सम्मान समारोह। मूर्ति देवी अखिलेश यादव की दादी और मुलायम सिंह यादव की मां थीं जिन्होंने मुलायम सिंह को सामाजिक अन्याय के खिलाफ लड़ने का संस्कार दिया। वहीं मालती देवी मुलायम सिंह की पत्नी और अखिलेश की मां थीं जिन्होंने घर संभालकर पति को राजनीति के लिए पूरी आजादी दी। अखिलेश ने इन दोनों विभूतियों को याद करते हुए कहा कि इन्हीं संस्कारों के चलते वह आज इस मुकाम पर हैं, लेकिन सवाल यह है कि महिलाओं का सम्मान करने के लिए उन्हें ऐसी कोई वीरांगना या सामाजिक आंदोलन चलाने वाली क्यों नहीं देखी जो उसके परिवार से इतर हो. सपा सांसद डिंपल यादव ने भी इस मौके पर कहा कि देश को आगे बढ़ना है तो महिलाओं को आगे आना होगा। उन्होंने चिंता जताई कि नई पीढ़ी की बेटियां कुछ पीछे छूटती जा रही हैं। अखिलेश ने आगे कहा कि भारत में महिलाओं की स्थिति बहुत खराब है। अगर कैमरे अपनी जिम्मेदारी निभाएं तो सत्ता परिवर्तन अपने आप हो जाएगा। उन्होंने डायल 100 की पुरानी व्यवस्था का जिक्र करते हुए बताया कि उन्होंने जानबूझकर वहां महिलाओं को रखा था क्योंकि वे दुख और तकलीफ को बेहतर समझती हैं। आने वाले समय में रानी लक्ष्मीबाई के नाम पर नई योजना लाकर महिलाओं को और सम्मान दिया जाएगा। बहरहाल इस सच्चाई को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि महिलाएं उत्तर प्रदेश की राजनीति में हमेशा निर्णायक भूमिका निभाती रही हैं। 2017 के चुनाव में भाजपा ने अखिलेश सरकार के दौरान महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध को बड़ा मुद्दा बनाया था। तब एंटी रोमियो स्क्वायड जैसी पहल के साथ योगी सरकार ने इस वर्ग का विश्वास जीता। पिछले सालों में एनकाउंटर और हाफ एनकाउंटर जैसी नीतियों ने अपराधियों पर लगाम लगाई और महिलाओं को भयमुक्त माहौल देने का दावा किया गया। लेकिन अखिलेश अब कह रहे हैं कि मौजूदा समय में महिला उत्पीड़न के मामले बढ़ रहे हैं और पुलिस का राजनीतिक दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने लखनऊ के ग्रीन कॉरिडोर और दूसरे जिलों में घट रही घटनाओं का भी जिक्र किया जहां पुलिस पर दबाव का आरोप लगाया। उनका तर्क है कि आर्थिक मदद के साथ सुरक्षा का माहौल भी जरूरी है और यही कमी पूरी करने के लिए नारी समृद्धि योजना लाई जा रही है। इस घोषणा का असर देखने के लिए बिहार का उदाहरण सामने है। 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश कुमार सरकार ने महिलाओं को 10 हजार रुपये का कारोबार शुरू करने के लिए मदद देने का ऐलान किया। राशि सीधे खातों में पहुंची और महिला वोट बैंक ने एनडीए को बड़ा समर्थन दिया। यूपी में भी योगी सरकार ने बजट में महिलाओं के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं लेकिन अखिलेश ने सीधे नकद 40 हजार रुपये सालाना देने का वादा कर बड़ा दांव खेला है। सपा प्रवक्ता दीपक रंजन ने कहा कि सपा शासन में महिलाएं सुरक्षित रहीं और अब आर्थिक मजबूती से वे और मजबूत होंगी। उनका दावा है कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए महिलाएं सपा के साथ तेजी से जुड़ रही हैं।दूसरी ओर भाजपा ने तुरंत पलटवार किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा का मतलब ही महिलाओं की सुरक्षा को खतरे में डालना है। उन्होंने याद दिलाया कि 2014 से लेकर 2022 तक हर चुनाव में आधी आबादी ने सपा को उखाड़ फेंका। 2024 में कुछ सीटें ज्यादा जीतने का श्रेय धोखे को दिया और कहा कि 2027 में सपा का पूरा सफाया होगा। मौर्य ने आगे कहा कि कोई अपना सुहाग संतान या राखी खतरे में नहीं डालेगा। सपा के पास गुंडे माफिया अपराधी और भ्रष्टाचारियों की पूरी फौज है। इसलिए सपा उत्तर प्रदेश की सुरक्षा के लिए खतरा है। दूसरे उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने और तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा का हाल वही है जो सौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली। उनके शासन में बहन बेटियां सहमी हुई थीं और नारा लगता था देख सपाई बिटिया घबराई। बहू बेटियों की आबरू लूटी जाती थी और निकलना दूभर था। वे मुंबई से डांस करने वालियां बुलाते थे और अब महिला सम्मान की बात करते हैं। पाठक ने कहा कि प्रदेश की जनता इन्हें कभी माफ नहीं करेगी। यह विवाद यूपी की राजनीति को और तेज कर रहा है। महिला वोट बैंक हमेशा निर्णायक रहा है लेकिन सिर्फ आर्थिक वादा काफी नहीं होता। उनके प्रति नेताओं का व्यवहार भी अहम होता है। सपा को अपनी पुरानी छवि से बाहर निकलने के लिए और मेहनत करनी होगी। वहीं भाजपा अपनी कानून व्यवस्था और विकास की कहानी को और मजबूत करके पेश कर रही है। अखिलेश की यह योजना अगर लागू होती है तो लाखों गरीब महिलाओं को सीधा फायदा पहुंचेगा। लेकिन बजट का सवाल भी उठेगा। यूपी में करोड़ों महिलाएं हैं और गरीब परिवारों को टारगेट करने पर भी खर्च बड़ा होगा। फिर भी राजनीतिक तौर पर यह दांव सपा को नया जोश दे सकता है। अखिलेश यादव ने कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगे भी बेहतर योजनाएं लाई जाएंगी। हर बच्ची युवती और नारी को सामाजिक आर्थिक रूप से सम्मान देने के लिए स्त्री सम्मान समृद्धि योजना लाई जाएगी। उन्होंने सपा के संकल्प को दोहराया कि प्रदेश की संपूर्ण उन्नति तभी संभव है जब महिलाएं मजबूत हों। इस बीच ओम प्रकाश राजभर जैसे सहयोगी दलों ने भी कटाक्ष किया है कि ना नौ मन गेहूं होई ना राधा नाचेगी। लेकिन सपा का फोकस साफ है। वह महिला वोट को जोड़कर 2027 में वापसी का सपना देख रही है। अब सवाल यह है कि यह वादा जमीनी स्तर पर कितना असरदार साबित होगा। महिलाएं न सिर्फ आर्थिक मदद चाहती हैं बल्कि सुरक्षा सम्मान और बेटियों की बेहतर शिक्षा भी चाहती हैं। सपा ने इन सबको जोड़ने की कोशिश की है। भाजपा की ओर से भी महिलाओं के लिए योजनाएं जारी हैं लेकिन सपा का यह सीधा नकद हस्तांतरण वाला मॉडल नया है। बिहार में कामयाब रहा तो यूपी में भी असर दिख सकता है। लेकिन इतिहास गवाह है कि कानून व्यवस्था का मुद्दा हमेशा भारी पड़ता है। 2017 में यही मुद्दा सपा की हार का बड़ा कारण बना था। अब 2027 में दोनों पार्टियां इस मोर्चे पर आमने सामने हैं।कार्यक्रम में सम्मानित महिलाओं में खेल शिक्षा चिकित्सा पर्यावरण और किसान क्षेत्र से जुड़ी महिलाएं शामिल थीं। यह दिखाता है कि सपा हर क्षेत्र की महिलाओं तक पहुंच बनाने की कोशिश कर रही है। अखिलेश ने कहा कि अगर सत्ता आई तो पहले से बेहतर काम करेंगे। उनकी पार्टी का दावा है कि महिलाएं अब बदलाव चाहती हैं और वोट के जरिए वह बदलाव लाएंगी। दूसरी तरफ भाजपा का तर्क है कि सपा का राजनीतिक सूर्य अस्त हो चुका है और 2047 तक भी उम्मीद नहीं। कुल मिलाकर, उत्तर प्रदेश की सियासत अब पूरी तरह महिला केंद्रित हो गई है। अखिलेश यादव का यह दांव 2027 के चुनावी मैदान को और रोचक बना रहा है। देखना होगा कि महिला वोट बैंक किसके पक्ष में झुकता है। क्या 40 हजार रुपये का वादा पुरानी यादों को मिटा पाएगा या कानून व्यवस्था की बात फिर भारी पड़ेगी। फिलहाल राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है और दोनों पक्ष अपनी रणनीति पर काम कर रहे हैं। यूपी की महिलाएं इस बार तय करेंगी कि किसकी बात पर भरोसा किया जाए।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीतेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आवागमन हो सकता है। आज आपका करीबी आपसे मिलने आएगा, जिससे मिलकर अपनी पुरानी यादें ताजा होंगी। छात्र खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे। माता को लाल चुनरी चढ़ाए, रुके हुए पैसे वापस मिलेंगे।

वृष राशि- आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। आज काम शुरू करते वक्त आपको सोच विचार करना चाहिए। आपकी आय के मुकाबले खर्चों में अधिकता रहेगी। नेत्र संबंधित समस्या के लिए डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं। आपको पैसों के लेन-देन में सावधान रहने की जरूरत है। मां दुर्गा को पान का पत्ता अर्पित करें, मनोकामनाएं पूर्ण होंगी।

मिथुन राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। नया ऑफिस ज्वॉइन करना चाहते हैं तो समय आपका साथ देगा। कार्य क्षेत्र में सफलता हासिल होगी। आज नौकरी में उल्लास का माहौल बनेगा। डॉक्टर्स आज अपने सीनियर से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करेंगे। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। माता के आगे माथा टेके, कारोबार में बढ़ोतरी होगी।

कर्क राशि- आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज दोस्तों के साथ बाहर खाने का प्लान बनाएंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को सोच समझकर फैसला लेना चाहिए। आज आप नया सामान खरीदने का मन बना सकते हैं। व्यापार में थोड़ा बदलाव लाएंगे। आज आपका स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। आज किसी कन्या के पैर छूकर आशीर्वाद लें, आपकी मेहनत रंग लायेगी।

सिंह राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। व्यापार में अनुकूल स्थितियां बनी रहेंगी। आज बड़ों का सपोर्ट आपको मिलेगा। आज बच्चों के साथ आप समय बिताएंगे। आज आपको वाहन सुख के योग बन रहे हैं। लवमेट आज एक दूसरे के भावनाओं की कद्र करेंगे। स्कन्द माता को फूल अर्पित करें, मेहनत के बेहतर परिणाम मिलेंगे।

कन्या राशि- आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। बिजनेस में डील आज फाइनल होगी। आज नए क्लाइंट्स के साथ मीटिंग करेंगे। अविवाहितों के चल रहे रिश्ते की बात जल्द पक्की होगी। आप दोस्तों के साथ कुछ ख़ुशी के पल बितायेंगे। किसी के सहयोग से आपको लाभ होगा। मां दुर्गा की उपासना करें, आपके आय में बढ़ोतरी होगी।

तुला राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने में सफलता मिलेगी। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना अच्छा रहेगा। उच्च अधिकारियों द्वारा आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। दुर्गा जी की आरती करें, आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज का दिन आनंद से भरा रहेगा, आप जिंदगी को पूरी तरह जिएंगे। इस राशि के प्रतियोगी परीक्षा के छात्रों को समझदारी से तैयारी करनी चाहिए। माता पिता की जिम्मेदारियों को उठाने का पूर्ण प्रयास करेंगे। माता के सामने घी का दीपक जलाएं, जीवन में दूसरे लोगों का सहयोग मिलता रहेगा।

धनु राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज पुराना मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है, आप उसे निराश नहीं करेंगे अपनी सामर्थ्य अनुसार सहायता करेंगे। सफलता की नई किरण दिखाई देगी। काफी समय से वाहन लेने का मन बना रहे हैं तो आज वाहन लेने में समय आपका साथ देगा। दुर्गा स्त्रोत का पाठ करें, स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

मकर राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप मशीनरी खरीदने का मन बना सकते हैं। परिवार के सदस्यों में प्रेमभाव बढ़ेगा। लवमेट को मनचाहा उपहार मिलेगा। आर्ट्स के छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा। तकनीकी क्षेत्र के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है। स्कंदमाता को मीठे का भोग लगाएं, किस्मत का साथ मिलता रहेगा।

कुंभ राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। पुत्र पक्ष से सहयोग मिलेगा, रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। इस राशि के लोगों का प्रोजेक्ट जल्द पूरा हो जाएगा, लोग आपके कार्य से खुश होंगे। आज आपको प्रमोशन से जुड़ी खबर मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ तालमेल बेहतर बनेगा। परिवार के साथ माता दुर्गा की पूजा करें, जीवन में खुशियां बनी रहेंगी।

मीन राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी मेहमान के आने से उनके सत्कार की तैयारियों में व्यस्त रहेंगे। आज आपको आय के नए साधन मिलेंगे। सिविल इंजीनियर्स का आज पहले का प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा। आज आपकी सकारात्मक सोच कार्यों में सहयोग करेगी। मां दुर्गा को लौंग अर्पित करें, आपके सभी रुके हुए काम बनेंगे।

## सू- दोकू क्र. 352

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.351 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -352

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | | | ■ | | ■ | 11 | |
| | ■ | ■ | 12 | 13 | | 14 | | ■ |
| 15 | 16 | | ■ | | ■ | | ■ | 17 |
| ■ | | ■ | 18 | | 19 | | ■ | |
| 20 | | | | ■ | 21 | | ■ | |
| 22 | | ■ | | ■ | | | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | ■ | 25 | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 351 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | टट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

# अखिलेश का मुस्लिम दांव, आजम की कमी या ओवैसी का डर

**संजय सक्सेना,लखनऊ,**



उत्तर प्रदेश की राजनीति में इन दिनों एक दिलचस्प खेल चल रहा है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव एक के बाद एक मुस्लिम नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल कराते जा रहे हैं। ईद के बाद से यह सिलसिला और तेज हो गया है। पहले नसीमुद्दीन सिद्दीकी का सपा में आना, फिर बहुजन समाज पार्टी के पूर्व नेता और प्रवक्ता डॉ. एमएच खान का समाजवादी पार्टी में शामिल होना यह महज संयोग नहीं है, बल्कि एक सुनियोजित रणनीति है, जिसकी जड़ें कई राजनीतिक मजबूरियों और महत्वाकांक्षाओं में एक साथ गड़ी हुई हैं।सबसे पहले उस खालीपन की बात करते हैं, जो सपा की राजनीति में पिछले कुछ समय से महसूस किया जा रहा है। सपा के बड़े मुस्लिम चेहरे आजम खान जेल में हैं, ऐसे में अखिलेश यादव को एक प्रभावशाली मुस्लिम नेता की जरूरत महसूस हो रही थी। आजम खान सिर्फ एक नेता नहीं थे, वे समाजवादी पार्टी का एक पूरा चेहरा थे। रामपुर और उसके आसपास के इलाकों में उनकी जड़ें इतनी गहरी थीं कि उनके बिना सपा का मुस्लिम वोट बैंक अधूरा लगता था। मंच पर उनकी गैरहाजिरी सपा के लिए एक बड़ा राजनीतिक घाटा रही है। अखिलेश इस घाटे की भरपाई एक नेता से नहीं, बल्कि कई नेताओं को जोड़कर करने की कोशिश में हैं।इसी कड़ी में नसीमुद्दीन सिद्दीकी का सपा में आना एक बड़ी घटना है। 2007 से 2012 तक चली बसपा सरकार में नसीमुद्दीन सिद्दीकी के पास करीब 18 विभागों की जिम्मेदारी थी, जिस वजह से राजनीतिक हलकों में उन्हें 'मिनी सीएम' तक कहा जाने लगा था। बसपा से निकाले जाने के बाद वे कांग्रेस में गए, लेकिन वहां भी उनकी राजनीतिक भूख शांत नहीं हुई। अब सपा में आकर उन्होंने न




सिर्फ खुद के लिए एक नया मंच तलाश किया है, बल्कि अखिलेश को भी एक ऐसा मुस्लिम चेहरा मिल गया है, जिसे पूरे उत्तर प्रदेश में पहचाना जाता है। नसीमुद्दीन सिद्दीकी करीब 1600 समर्थकों के साथ सपा में शामिल हुए हैं, जिससे कई जिलों में पार्टी को संगठनात्मक मजबूती मिल सकती है। बसपा के प्रवक्ता डॉ. एमएच खान का सपा में आना भी इसी रणनीति का हिस्सा है। सपा नेतृत्व ने उनका स्वागत करते हुए भरोसा जताया कि उनके अनुभव और संवाद कौशल से पार्टी को मजबूती मिलेगी और उन्हें सपा का आधिकारिक पैनलिस्ट बनाया गया है। यानी मीडिया की बहसों में, जहां आजम खान की आक्रामक आवाज की कमी खलती थी, वहां अब डॉ. खान जैसे अनुभवी प्रवक्ता पार्टी का पक्ष रखेंगे। यह एक व्यावहारिक और चतुर राजनीतिक कदम है।लेकिन अखिलेश की यह बेचैनी केवल आजम खान की अनुपस्थिति से नहीं उपजी है। इसके पीछे एक और बड़ा कारण है और वह है असदुद्दीन ओवैसी और उनकी पार्टी एआईएमआईएम। जान लें कि ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम यूपी में 200 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है। भले ही यूपी में ओवैसी का पिछला प्रदर्शन बेहद कमजोर रहा हो, पिछले विधानसभा चुनाव में एआईएमआईएम 95 सीटों पर लड़ी और 94 में उनके उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी, लेकिन मुस्लिम वोटों के बिखराव का डर सपा को हमेशा सताता रहता है। बिहार में ओवैसी ने दिखाया है कि वे छोटी-छोटी जगहों पर चुनाव जीत सकते हैं। यूपी में अगर उन्होंने 10-15 सीटें भी निकाल लीं, तो वह सीधे सपा का नुकसान होगा। अखिलेश यादव ने खुद कहा कि ओवैसी को अगर यूपी आना है तो वो साइकिल पर सवार होकर आएं, नहीं तो माना जाएगा कि उनके अंडरग्राउंड तार भाजपा से जुड़े हैं। यह बयान बताता है कि अखिलेश ओवैसी को कितनी गंभीरता से लेते हैं। उनके लिए ओवैसी एक सीधा प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि वह 'वोट कटुआ' है, जो चुनाव के नतीजे पलट सकता है। इसीलिए अखिलेश की पूरी कोशिश यह है कि मुस्लिम मतदाता को यह संदेश दिया जाए कि उनका असली और ताकतवर नेतृत्व सपा के पास है, ओवैसी के पास नहीं। यूपी में करीब 19 फीसदी मुस्लिम वोट हैं और 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को 79 फीसदी मुस्लिम वोट मिला था। यह आंकड़ा देखने में बड़ा लगता है, लेकिन इसी में सपा की चुनौती भी छुपी है। जब इतना बड़ा वोट बैंक आपके साथ हो, तो उसे बनाए रखना और और मजबूत करना दोनों जरूरी हो जाता है। 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को 92 फीसदी मुस्लिम वोट मिला। यह उछाल सपा को उत्साहित करता है, लेकिन यह भी डराता है कि इतना बड़ा वोट बैंक एकजुट रहे, इसके लिए लगातार मेहनत करनी होगी।राजनीतिक पंडितों का मानना है कि अखिलेश यादव जिस तरह से बसपा और कांग्रेस के कद्दावर नेताओं को अपनी टीम में शामिल कर रहे हैं, उससे 2027 के विधानसभा चुनाव की बिसात अभी से बिछ गई है। मुस्लिम नेताओं को जोड़ने के साथ-साथ अखिलेश अपने पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक फॉर्मूले को धार देने में लगे हैं। यह फॉर्मूला 2027 में उनकी सबसे बड़ी ताकत बन सकता है।कुल मिलाकर ,अखिलेश यादव की यह मुस्लिम नेताओं को जोड़ने की मुहिम कई परतों वाली राजनीति है। एक तरफ आजम खान की कमी पूरी करने की जरूरत है, दूसरी तरफ ओवैसी के बढ़ते प्रभाव को रोकना है और तीसरी तरफ 2027 के लिए एक ऐसा गठजोड़ तैयार करना है, जो भाजपा को सत्ता से बाहर कर सके। यह खेल जितना आसान दिखता है, उतना है नहीं। लेकिन अखिलेश की चालें बता रही हैं कि वे इस बार पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरे हैं।

## एक नजर

### उल्लास महापरीक्षा में बंदियों और पुनर्वासित भी हुए शामिल



**जगदलपुर, 24 मार्च।** बस्तर जिले में शिक्षा और ज्ञान की नई अलख जगाने के उद्देश्य से आयोजित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को महापरीक्षा का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। जिला प्रशासन की इस अनूठी पहल ने पूरे जिले को साक्षरता के महापर्व में सराबोर कर दिया, जहां सुदूर वनांचलों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक शिक्षा का उत्साह देखने को मिला। कलेक्टर आकाश छिकारा और जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में आयोजित इस परीक्षा में जिले भर के कुल 25,706 परीक्षार्थियों ने सम्मिलित होकर अपने हुनर का प्रदर्शन किया। यह आयोजन महज एक परीक्षा नहीं, बल्कि उन बुजुर्गों और युवाओं के लिए स्वावलंबन की एक नई शुरुआत बनकर उभरा है, जो किन्हीं कारणों से अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी नहीं कर पाए थे। इस महापरीक्षा की सबसे प्रेरक और हृदयस्पर्शी तस्वीर जगदलपुर के केंद्रीय कारागार और पुनर्वास केंद्रों से निकलकर सामने आई। जहाँ एक ओर जेल की सलाखों के पीछे रहने वाले 94 पुरुष और 47 महिला बंदियों ने साक्षरता की मुख्यधारा से जुड़कर अपनी नई पहचान बनाने की कोशिश की, वहीं दूसरी ओर आड़ावाल स्थित पुनर्वास केंद्र में 28 पुर्नवासितों ने भी हाथों में कलम थामकर विकास और शांति की दिशा में अपना पहला कदम बढ़ाया।

### उल्लास महापरीक्षा जिले के 9535 नवसाक्षरों ने दी

**कांकेर, 24 मार्च।** उल्लास महापरीक्षा अभियान के तहत रविवार 22 मार्च को महापरीक्षा जिले में आयोजित की गई जिसमें असाक्षरों को साक्षर बनाने 567 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे जहां महिला नवसाक्षर 6418 और पुरुष नवसाक्षर 3117 कुल 9535 नवसाक्षरों ने परीक्षा दी। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले में जन-जन को साक्षर बनाने के उद्देश्य से उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को साक्षर बनाने के लिए 2027 तक शत प्रतिशत 2027 तक साक्षर किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इसी क्रम में 22 मार्च को उल्लास महापरीक्षा जिले के सातों विकासखंडों की प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इस परीक्षा में अलग उदाहरण देखने को मिला जहां एक ही परिवार के कई सदस्यों ने एक साथ परीक्षा दी।

# झीरम के शहीदों की तस्वीर खंडित करना अमानवीय कृत्य: सुशील मौर्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 24 मार्च।** आज संभाग मुख्यालय राजीव भवन जगदलपुर में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कल जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारियो ने झीरम घाटी में बने शहीद स्मारक का निरीक्षण किया। शहीद स्मारक में निरीक्षण पश्चात शहीद स्व.महेंद्र कर्मा जी व शहीद स्व.नंदकुमार पटेल जी की तस्वीर को खंडित करना पाया गया।इस दौरान कांग्रेस नेताओं कार्यकर्ताओं के द्वारा पहले शहीद स्मारक की साफ-सफाई की और क्षतिग्रस्त तस्वीरों को सम्मानपूर्वक उठाकर व्यवस्थित किया गया।भाजपा सरकार में आज अपराधियों के हौसले दिन ब दिन बुलंद होते जा रहे हैं कि अब




अपराधी शहीद को शहादत स्थल को भी नहीं बख्शा जा रहा है। कांग्रेस पार्टी इसका कड़ा आक्रोश व्यक्त करती है.इस प्रकार का अपमान कांग्रेस पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने आगे बताया जगदलपुर के दरभा स्थित शहीद स्मारक में झीरम के शहीदों के चित्रों के साथ जिस प्रकार की तोड़फोड़ की गई है वो बेहद पीड़ादायक और निंदनीय है। जिन वीरों ने अपने प्राण न्यौछावर किए, उनके चित्रों को तोड़कर जमीन पर फेंक दिया गया, यह कृत्य किसी भी हाल में बर्दाश्त योग्य नहीं।यह कोई साधारण घटना नहीं, बल्कि शहीदों की गरिमा और उनकी स्मृति के साथ सीधा अपमान है।इस गंभीर मामले को तत्काल उठाते हुए कांग्रेस पार्टी के नेताओं के द्वारा संबंधित दरभा थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर एफआईआर हेतु की आवेदन दिया गया है।श्री मौर्य ने आगे बताया भाजपा सरकार बनने के बाद से ही राज्य में कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज बची ही नहीं है कानून-व्यवस्था की विफलता और भाजपा शासन में अपराधियों का यह कृत्य मनोबल बढ़ने का प्रतीक है।अगर जल्द से जल्द अपराधी गिरफ्त में नहीं आते हैं तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करेगी जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन व भाजपा सरकार की होगी। पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा भाजपा सरकार के बनने पश्चात आज बस्तर सहित पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था लचर हो चुकी है अपराधी बेखौफ अपराधिक घटना को अंजाम दे रहे हैं शहीद स्मारक में शहीद स्व.महेंद्र कर्मा जी व शहीद स्व.नंदकुमार पटेल जी की तस्वीर को खंडित करना बेहद निंदनीय और शर्मनाक घटना है इस प्रकार कि घटना शहीदों के सम्मान के खिलाफ है ऐसा कृत्य करने वाले अपराधियों के साथ पुलिस प्रशासन सख्त व कठोर कार्यवाही करे। इस दौरान पार्षद गौतम पाणिग्रही,जस्टिन भवानी, बोमड़ा मंडावी,मोहसिन खान आदि मौजूद रहे।

### ब्लाक तोकापाल के ग्राम दुगनपाल में

# जल अर्पण दिवस पर ग्रामीणों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया







■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 24 मार्च।** विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में रविवार 22 मार्च को विकासखंड तोकापाल के ग्राम दुगनपाल में जल उत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत जल अर्पण दिवस का आयोजन किया गया। इस गौरवमयी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तोकापाल जनपद अध्यक्ष श्रीमती रामबती भंडारी उपस्थित रहीं, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति में ग्रामीणों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती रामबती भंडारी ने उपस्थित जनसमूह को जल के अपरिहार्य महत्व से अवगत कराया। उन्होंने विस्तार से समझाया कि जल ही जीवन का आधार है और इसके संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान ग्रामीणों को जल स्त्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने के फायदों के बारे में जागरूक किया गया, साथ ही सार्वजनिक स्थानों और व्यक्तिगत घरों में सोख्ता गड्ढा बनाने की तकनीक और उसके दूरगामी लाभों पर विस्तृत चर्चा की गई। पर्यावरण संतुलन और जल स्तर को बनाए रखने के उद्देश्य से स्थानीय प्रजाति के पौधे लगाने हेतु ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया गया, ताकि भविष्य में जल स्त्रोतों को संरक्षित रखा जा सके।

जागरूकता के इस क्रम को आगे बढ़ाते हुए कार्यक्रम में जल कर के नियमित भुगतान की महत्ता पर भी प्रकाश डाला गया, जिससे जल प्रदाय व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। इस अवसर पर जल वाहिनियों ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए मौके पर ही जल की गुणवत्ता की जांच कर ग्रामीणों को दिखाई, जिससे शुद्ध पेयजल के प्रति विश्वास और समझ बढ़ी। कार्यक्रम के एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती रामबती भंडारी के कर-कमलों द्वारा ग्राम के सरपंच श्री प्रेम कुमार भंडारी को ग्रामीणों के सम्मुख उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं सहयोग हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही पंचायत को जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइपलाइन और पानी टंकी की संपूर्ण जानकारी से युक्त मानचित्र (नक्शा) भी सौंपा गया।

इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में ग्राम सरपंच श्री प्रेम कुमार भंडारी, स्थानीय पंचों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों और कोटवार के साथ-साथ जिला समन्वयक श्री प्रवीन कुमार वर्मा, श्री अविनाश रनबाकला, श्रीमती नेहा साहू एवं ज्योत्सना सूना का योगदान रहा। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित ग्रामीणों ने एक साथ जल संरक्षण की शपथ ली। बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने न केवल इस अवसर पर सक्रिय सहभागिता निभाया, बल्कि जल सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों का लाभ भी उठाया।

## नक्सलियों के सुरक्षित इलाके कुमनार में नवीन सुरक्षा एवं जन सुविधा कैंप स्थापित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर, 24 मार्च।** पुलिस ने दशकों से नक्सलियों का सुरक्षित इलाका माने जाने वाले दुर्गम क्षेत्र कुमनार में आज सोमवार को नवीन सुरक्षा एवं जन सुविधा कैंप स्थापित कर दिया है। 'माड़ बचाओ' अभियान के तहत स्थापित यह कैंप वर्ष 2026 का आठवां और क्षेत्र का अंतिम सामरिक पड़ाव है, जिससे अब अबूझमाड़ का सीधा संपर्क बीजापुर के भैरमगढ़ से जुड़ गया है। कुमनार वही क्षेत्र है जहां कभी माओवादी सेंट्रल कमेटी का अघोषित शासन चलता था और जहां कुख्यात नक्सली बसवा राजू को सुरक्षाबलों ने ढेर किया था। बस्तर आईजी पी. सुन्दराज और नारायणपुर एसपी रोबिनसन गुरिया के मार्गदर्शन में अबूझमाड़ को पूरी तरह नक्सल मुक्त करने की दिशा में नारायणपुर पुलिस, डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और आईटीबीपी (38वीं, 44वीं, 41वीं, 45वीं, 53वीं और 29वीं वाहिनी) के संयुक्त प्रयासों से कैंप स्थापित कर तिरंगा लहरा दिया है । इस कैंप की स्थापना से ओरछा-कुमनार-भैरमगढ़ के बीच सीधा सड़क संपर्क सुनिश्चित हुई है। इससे पूर्व, वर्ष 2025 तक ओरछा के भीतर का हिस्सा नक्सलियों के नियंत्रण में था, लेकिन अब यह इलाका भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ जायेगा। जिला मुख्यालय से 102 किमी दूर स्थित इस कैंप के माध्यम से आस-पास के आधा दर्जन गांवों (लेकवाडा, नेडअट्टे, डोडूम आदि) में सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण में तेजी आएगी। शिक्षा, चिकित्सा और मोबाइल नेटवर्क की पहुंच सुगम होगी, वहीं नक्सल विरोधी अभियानों को मजबूती मिलेगी। नारायणपुर एसपी रोबिनसन गुरिया ने कहा कि पुलिस प्रशासन का लक्ष्य 'शांतिपूर्ण एवं समृद्ध नारायणपुर' बनाना है, जहां दशकों से अलग-थलग पड़े ग्रामीणों को लोकतंत्र की बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिल सके।

## आरएसएस की गोष्ठी में बस्तर में आ रहे परिवर्तन पर चर्चा की



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 24 मार्च।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत चतुर्थ चरण में जिला स्तरीय प्रमुखजन गोष्ठी का आयोजन आज कृषि महाविद्यालय, जगदलपुर के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय सह संपर्क प्रमुख भरत भूषण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम रहे। इसके अलावा प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा तथा जिला संघचालक योगेश्वर सिन्हा सहित जिले के अनेक प्रमुखजन शामिल हुए। गोष्ठी में बस्तर के वर्तमान सामाजिक-सांस्कृतिक परिवर्तनों और भविष्य में सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम के अंत में शंका समाधान सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों के प्रश्नों के उत्तर दिए गए। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने धर्मांतरण की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि केवल विधेयक लाने से समस्या का समाधान संभव नहीं है, इसके लिए समाज को भी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। मुख्य वक्ता भरत भूषण ने अबूझमाड़ और बस्तर के जनजातीय परिवारों के बीच हिंदू अवधारणा को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम को स्पष्ट किया। उन्होंने भगवान राम के बस्तर आगमन और माता शबरी प्रसंग का उल्लेख करते हुए सामाजिक समरसता का संदेश रखा। साथ ही जीवन शैली, परंपरा, पूजा पद्धति और प्रकृति पूजा के विभिन्न आयामों पर विस्तार से विचार रखे।

# डाक जीवन बीमा से मृत्यु दावा राशि का त्वरित भुगतान, परिवार को मिला सहारा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कोंडागांव, 24 मार्च।** उपडाकघर कोंडागांव में सोमवार को डाक जीवन बीमा (क्क्ष्ढ्ढ) के अंतर्गत मृतक बीमाधारक स्वर्गीय नोहरू राम नेताम (शिक्षक, मालाकोट) के नामांकित लाभार्थी को मृत्यु दावा राशि का भुगतान किया गया। स्वर्गीय नोहरू राम नेताम का आकस्मिक निधन 1 जनवरी 2026 को हो गया था। उनके नामांकित लाभार्थी श्रीमती धनई नेताम (पत्नी) को ?4,16,400 (चार लाख सोलह हजार चार सौ रुपये) की दावा राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर उपडाकपाल एस.एल. गोटी, दयाराम ध्रुव, डिकेश मिर्झा, अजय पांडे, कमलेश मरकाम, मेघावत सुरेश, चमन नेताम, मेघा ठाकुर एवं राधे मोहन नाग सहित डाक विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में राशि का वितरण किया गया। सभी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। विदित हो कि स्वर्गीय नोहरू राम नेताम ने वर्ष 2018 में पोस्ट ऑफिस मालाकोट के तत्कालीन पोस्टमास्टर डिकेश मिर्झा के माध्यम से ?3 लाख का डाक जीवन बीमा कराया था। इस दुखद घटना पर डाक विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बीमा राशि का भुगतान सुनिश्चित किया। उपडाकपाल ने इस अवसर पर डाक जीवन बीमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना प्रत्येक नागरिक के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह न केवल भविष्य की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करती है, बल्कि कठिन परिस्थितियों में परिवार को संबल भी प्रदान करती है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे डाक जीवन बीमा से जुड़कर अपने एवं अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करें तथा देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं।

# आर.एस.एन. लॉज कोंटा के मालिक सहित 22 अंतर्राज्यीय जुआरी जुआ खेलते गिरफ्तार

**सुकमा, 24 मार्च।** जिले की पुलिस को आर.एस.एन. लॉज कोंटा में चल रहे अवैध जुआ फड़ की मुखबिर से मिले सुचना के आधार पर सुकमा की विशेष पुलिस टीम द्वारा आज सोमवार को रेड कार्रवाई करते हुए 22 अंतर्राज्यीय जुआड़ीयों को रंगे हाथ जुआ खेलते पकड़ा गया है। उक्त आरोपियों के विरुद्ध थाना कोंटा में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 4 एवं 5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पकड़े गये जुआड़ी में लॉज मालिक को छोड़कर सभी तेलंगाना एवं आंध्रप्रदेश राज्य के निवासी हैं। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कोंटा स्थित आर.एस.एन. लॉज के कमरे में कुछ व्यक्ति रुपये-पैसे का दांव लगाकर ताश पत्ती से जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिला सुकमा पुलिस की विशेष टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। रेड कार्यवाही के दौरान कुल 22 व्यक्तियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से नगद राशि एवं जुआ खेलने में प्रयुक्त सामग्री जप्त की गई। तलाशी के दौरान आरोपियों एवं फड़ से कुल दो लाख चार सौ रुपये नगद बरामद किए गए। इसके अतिरिक्त मौके से 122 गड्डी ताश पत्ती, 108 खुले पत्ते, 18 मोबाइल फोन, 2 पेन, एक रजिस्टर, एक चादर, एक चार पहिया वाहन सेल्टास, एक स्कूटी सहित अन्य सामग्री जप्त।



## नक्सलवाद के खात्मे की तय समय सीमा के 8 दिन शेष, नक्सलियों के परिजन चिंतित

**बीजापुर, 24 मार्च।** जिले में नक्सलवाद के खात्मे की तय समय सीमा अब महज 8 दिन शेष रह गए हैं। बावजूद इसके बीजापुर जिले में लगभग 50 से अधिक नक्सलियों के सक्रिय होने की जानकारी सामने आ रही है। इनमें पापा राव और सोढ़ी केशा जैसे नक्सली कमांडर भी शामिल हैं। दूसरी ओर, लगातार बढ़ते सुरक्षाबलों के दबाव और मुठभेड़ों के खतरे को देखते हुए नक्सलियों के परिजन चिंता में हैं। उन्हें डर सता रहा है कि, कहीं उनके अपने सुरक्षाबलों की कार्रवाई में मारे न जाएं। यही वजह है कि, अब परिजन खुलकर आत्मसमर्पण और घर वापसी की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में कमकानार गांव से एक भावुक मामला सामने आया है, जहां एक नक्सली कमांडर के परिवार ने उसे आत्मसमर्पण करने की गुहार लगाई है। ग्राम कमकानार निवासी नक्सली कमांडर सूर्यपाल बोड्डू के परिवार ने भावुक संदेश भेजा है। उसके दो भाइयों और भतीजे ने कहा कि अब जंगल में हालात पहले जैसे नहीं रहे और हथियारबंद संघर्ष का कोई औचित्य नहीं बचा है। उनका कहना है कि, जब बड़े-बड़े नक्सली कमांडर आत्मसमर्पण कर चुके हैं, तो सूर्यपाल को भी अब घर लौट आना चाहिए और परिवार के साथ सामान्य जीवन जीना चाहिए। परिजनों ने बताया कि सूर्यपाल वर्ष 2008 में नक्सली संगठन में शामिल हुआ था और तब से झारखंड, गरियाबंद और छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में सक्रिय रहा है।

### गर्मी व लू से बचाव के लिए जिला अग्निशमन अधिकारी ने दी समसामयिक सलाह

# तेज धूप से बचें, दोपहर को घर से न निकलें, पानी ज्यादा पीएं

**कांकेर, 24 मार्च।** प्रदेश सहित जिले में गर्मी का मौसम प्रारंभ हो गया है, भीषण गर्मी एवं ताप की लहर 'लू' से बचाव हेतु जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी द्वारा नागरिकों के लिए समसामयिक सलाह जारी की गई है, जिसमें गर्मी के पहले और गर्मी के दौरान सुरक्षात्मक उपाय करने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

'लू' से बचाव के लिए उन्होंने समसामयिक सुझाव देते हुए कहा कि जहां तक संभव हो, तेज धूप में जाने से बचें, खास कर दोपहर 12 से 03 बजे के बीच घर से बाहर जाने से यथासंभव बचना चाहिए। प्यास न लगने पर भी लगातार अंतराल में पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं, यात्रा के दौरान हमेशा पीने का पानी साथ में रखें। इसी तरह हल्के रंग के ढीले, सूती कपड़े पहनने की सलाह दी गई है। लोगों को सुरक्षात्मक चश्मे, छाता, टोपी का प्रयोग करने, धूप में




निकलते समय सिर ढंकने के लिए तौलिया या गमछा सहित जूते-चप्पल पहनने का सुझाव दिया गया है। जब बाहर का तापमान अधिक हो तो चिलचिलाती धूप में अधिक ऊर्जा एवं शक्ति लगने वाली गतिविधियों से बचें। यदि बाहर काम करना है तो अपने सिर को ढंकने के लिए गीले कपड़े या छाते का इस्तेमाल करें। हल्का भोजन और पानी की मात्रा से भरपूर फल जैसे खरबूजे, ककड़ी और खट्टे फल खाएं। मांस और नट्स जैसे उच्च प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों के सेवन से जरूर बचें, बासी भोजन से परहेज करें। घर में बने भोजन और पारंपरिक स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थो जैसे नींबू पानी, छाछ और जूस आदि का उपयोग करें। पार्क किए गए वाहनों में बच्चों और पालतू जानवरों को अकेला न छोड़ें। पशुओं को छाया में रखें और उन्हें पीने के लिए पर्याप्त पानी दें।

समसामयिक सुझाव देते हुए कहा गया है कि अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे, शटर या सनशेड आदि का प्रयोग करें। रात को खिड़कियां खोलें व कमरों में पर्याप्त वेंटिलेशन बनाए रखें। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमानों को सुनें और आगामी तापमान परिवर्तनों से अवगत रहें। बीमारी और चक्कर आने या अचेतना की अवस्था के मामले में डॉक्टर से परामर्श लें या तत्काल चिकित्सा सहायता लें।

#### हीट स्ट्रोक में क्या करें

व्यक्ति को घर के अंदर या किसी ठंडी, छायादार जगह पर लिटा दें, उसे पैरों को थोड़ा उपर उठाकर लिटा दें। गीले कपड़े से शरीर को पोछ लें या त्वचा पर ठंडे पानी का छिड़काव करें। शरीर को फिर से हाइड्रेट करने के लिए व्यक्ति को ओआरएस, नींबू पानी, नमक, चीनी का घोल या जूस पिलाएं। अगर कोई व्यक्ति पूरी तरह से होश मे नहीं है तो उसे कुछ भी खाने या पीने के लिए न दें। एक घंटे मे लक्षणों में सुधार न होने पर व्यक्ति को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र ले जाएं।

#### हीट वेव के पहले क्या करें

अस्थाई विंडों रिफ्लेक्टर जैसे एल्यूमिनियम फॉयल से ढंके कार्डबोर्ड आदि लगाएं। जिन खिड़कियों पर सुबह या दोपहर की धूप पड़ती उन्हें पर्दा, छाया से ढंक दें। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमानों को सुनें और आने वाले तापमान परिवर्तनों से अवगत रहें। अपने आस-पड़ोस के उन लोगों को जानें जो बुजुर्ग, युवा, बीमार या अधिक वजन वाले हैं, जो अत्यधिक गर्मी के शिकार हो सकते हैं और जिन्हें मदद की जरूरत है।

# रामनवमी भाईचारे, सौहार्द और सामाजिक समरसता के साथ मनाएं : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

- सभी शोभायात्राएं और जुलूस पूर्व निर्धारित मार्ग और समय-सीमा के अनुसार ही निकाली जाएं-एसएसपी
- सुरक्षा व्यवस्था, शोभायात्रा मार्ग और नियमों के सख्त पालन के दिए विस्तृत निर्देश
- रामनवमी पर्व आयोजन के लिए शांति समिति की बैठक संपन्न



**रायगढ़, 24 मार्च।** आगामी रामनवमी पर्व के गरिमामय, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि रामनवमी सहित सभी त्योहार जिले में आपसी भाईचारे, सौहार्द और सामाजिक समरसता के साथ मनाए जाएं। किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था प्रभावित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से जिला मुख्यालय में नटवर स्कूल से रामलीला मैदान तक प्रस्तावित शोभायात्रा के दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से डीजे की अधिकतम ऊंचाई 12 फीट निर्धारित करते हुए इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने को कहा, ताकि विद्युत लाइनों आदि से किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे।

कलेक्टर ने विभागवार जिम्मेदारियां तय करते हुए कहा कि विद्युत विभाग निर्बाध एवं सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें, स्वास्थ्य विभाग आवश्यक दवाओं एवं एंबुलेंस की उपलब्धता बनाए रखें, नगर निगम द्वारा साफ-सफाई एवं पेयजल व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए तथा पुलिस प्रशासन द्वारा संपूर्ण आयोजन के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि रायगढ़ जिले की पहचान सदैव शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण त्योहारों के आयोजन के लिए रही है, जिसे आगे भी बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने समाज प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों एवं आयोजन समितियों से सक्रिय सहयोग की अपील करते हुए प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी जुलूस एवं शोभायात्राएं पूर्व निर्धारित मार्ग और समय-सीमा के अनुसार ही निकाली जाएं। पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की तैनाती सुनिश्चित करें, जो भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण एवं आपात स्थिति में त्वरित समन्वय में सहयोग कर सकें। एसएसपी सिंह ने कहा कि शोभायात्रा मार्गों पर संवेदनशील स्थलों की विशेष निगरानी की जाएगी तथा पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती के साथ-साथ मोबाइल पेट्रोलिंग और कंट्रोल रूम से लगातार मॉनिटरिंग की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग, निर्धारित समय सीमा, ऊंचाई मानक एवं अन्य प्रशासनिक निर्देशों का उल्लंघन करने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# दुर्गम पहाड़ियों में आस्था के केंद्र 'निरई माता मंदिर' में उमड़ा जनसैलाब



- मंदिर तक पहुंच मार्ग के निर्माण, अतिरिक्त शेड निर्माण का निर्माण सहित अन्य सभी जरूरी व्यवस्था पूरी होंगी : कलेक्टर मिश्रा
- निरई माता क्षेत्र को आस्था के साथ-साथ इको-टूरिज्म के रूप में विकसित करने की दिशा में सतत कार्य किया जाएगा

**धमतरी, 24 मार्च।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के मगरलोड विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम मोहेरा में विराजित निरई माता मंदिर एक अद्वितीय आस्था स्थल के रूप में प्रसिद्ध है। घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ियों के बीच स्थित यह मंदिर वर्ष में केवल एक बार चैत्र नवरात्रि के प्रथम रविवार को कुछ घंटों के लिए श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोला जाता है। इस अवसर पर आयोजित ÷माता जात्रा÷ में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

मंदिर की विशेषता यह है कि यहां माता की कोई प्रतिमा स्थापित नहीं है, बल्कि श्रद्धालु प्राकृतिक रूप से निर्मित पत्थर की गुफा में निराकार रूप में माता की पूजा करते हैं। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य पूर्ण होती है। मन्नत पूरी होने पर श्रद्धालु अपनी श्रद्धा अनुसार भेंट-प्रसाद अर्पित करते हैं।

इस वर्ष धमतरी, गरियाबंद, रायपुर, बालोद सहित आसपास के जिलों तथा पड़ोसी राज्य उड़ीसा से भी लगभग 30 से 40 हजार श्रद्धालु यहां पहुंचे।

उन्होंने कहा कि निरई माता क्षेत्र को आस्था के साथ-साथ इको-टूरिज्म के रूप में विकसित करने की दिशा में सतत कार्य किया जाएगा, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हों।

कलेक्टर ने इस चैत्र नवरात्रि के इस पावन अवसर पर निरई माता मंदिर पहुंचकर दर्शन किए तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

यहां प्रचलित परंपरा के अनुसार मंदिर में पूजा-अर्चना का कार्य केवल पुरुषों द्वारा किया जाता है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार महिलाओं का मंदिर में प्रवेश एवं प्रसाद ग्रहण करना निषिद्ध है, जिसका श्रद्धालु पूर्ण आस्था के साथ पालन करते हैं।

प्रशासन द्वारा इस वर्ष के सफल आयोजन हेतु व्यापक तैयारियां की गई थीं, जिसके परिणामस्वरूप श्रद्धालुओं को सुगम एवं सुरक्षित दर्शन की सुविधा प्राप्त हुई। भविष्य में भी इस पवित्र स्थल के समुचित विकास एवं व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

### कलेक्टर ने इसी माह स्थानीय लोगों से की थी चर्चा

ग्राम मोहेरा पहुंचे थे। उन्होंने स्थानीय लोगों से चर्चा भी की थी। समस्याएं भी सुनी थी। उसी समय कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया था कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मार्ग, पेयजल, स्वच्छता, अस्थायी शेड, चिकित्सा व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंध सुदृढ़ किए जाएं। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए वन विभाग के माध्यम से विशेष प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। साथ ही मंदिर तक पहुंच मार्ग के निर्माण, अतिरिक्त शेड निर्माण का निर्माण कराया जाएगा। जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

## एक नजर

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

- नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन की अंतिम तिथि 27 मार्च

**रायगढ़, 24 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई संस्थानों के प्राचार्यों, संस्था प्रमुखों तथा छात्रवृत्ति प्रभारियों को सूचित किया जाता है कि उनके संस्थानों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के वे विद्यार्थी, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पात्र हैं, वे शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाइन आवेदन वेबसाईट https://postmatric-scholarship.cg.nic.in कर सकते हैं। विभाग द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के अंतर्गत कक्षा 12वीं से उच्चतर कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए पंजीयन, आवेदन, सत्यापन, स्वीकृति एवं छात्रवृत्ति वितरण की संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से निर्धारित पोर्टल पर संचालित की जा रही है। सभी संबंधित संस्था प्रमुखों एवं छात्रवृत्ति प्रभारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे पात्र विद्यार्थियों का समय पर पंजीयन एवं आवेदन सुनिश्चित कराएं, ताकि किसी भी विद्यार्थी को छात्रवृत्ति से वंचित न होना पड़े। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन/पंजीयन हेतु नवीन एवं नवीनीकरण के लिए 23 से 27 मार्च 2026 तक निर्धारित की गई है। इसी तरह संस्थाओं द्वारा प्रपोजल लॉक कर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ को प्रेषित करने की अंतिम तिथि 27 से 29 मार्च तक, शासकीय संस्था/जिला कार्यालय द्वारा स्वीकृति लॉक करने की अंतिम तिथि 29 एवं 30 मार्च तक तथा जिला कार्यालय द्वारा भुगतान हेतु राज्य कार्यालय को प्रेषित करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 तक निर्धारित है। उक्त तिथि के पश्चात शिक्षा सत्र 2025-26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जाएगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं से विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है तो इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय कलेक्टर आदिवासी विकास शाखा रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### भीषण गर्मी में नागरिकों को राहत देने धमतरी निगम ने शुरू किया प्याऊ

**धमतरी, 24 मार्च।** भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा शहरवासियों की सुविधा हेतु शीतल पेयजल की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में सिहावा चौक एवं नगर निगम कार्यालय के सामने एवं ईतवारी बाजार जैन मंदिर के सामने सार्वजनिक प्याऊ (शीतल जल केंद्र) का शुभारंभ किया गया। इस पहल से राहगीरों एवं आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। गर्मी के मौसम में तापमान लगातार बढ़ने के कारण लोगों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने यह पहल की है, जिससे शहर में आने-जाने वाले लोगों, मजदूरों, रिक्शा चालकों, ठेला संचालकों एवं जरूरतमंद नागरिकों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल सहजता से उपलब्ध हो सके। निगम अधिकारियों ने बताया कि जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए इस प्रकार के प्याऊ शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भी स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए स्थान चिन्हित करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इस सुविधा का लाभ पहुंचाया जा सके। अधिकारियों ने यह भी कहा कि प्याऊ केंद्रों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। नियमित रूप से टंकियों की सफाई, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता एवं रख-रखाव सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### 72 घंटे के भीतर रायगढ़ जिला प्रशासन की अफीम की खेती पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

# तमनार के बाद लैलूंगा के नवीन घटगांव व मुड़ागांव में अफीम खेती का भंडाफोड़, आरोपी हिरासत में

- जिला प्रशासन की कार्रवाई से संलिप्त लोगों में हड़कंप
- ड्रोन सर्वे से प्रशासन की पैनी नजर, जिले के सभी अनुविभागों में सघन निगरानी और लगातार कार्रवाई जारी
- कलेक्टर-एसएसपी ने ली प्रेस वार्ता, गैर कानूनी अफीम की खेती पर प्रभावी नियंत्रण के लिए की जा रही कार्रवाई की दी जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 24 मार्च।** राज्य शासन के निर्देशानुसार रायगढ़ जिले में अवैध मादक पदार्थों की खेती के खिलाफजिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई जारी है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह के नेतृत्व में जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत बीते 72 घंटे में तमनार क्षेत्र के आमाघाट से लेकर लैलूंगा विकासखंड के ग्राम-नवीन घटगांव और मुड़ागांव तक अवैध मादक पदार्थ अफीम के खिलाफकार्रवाई की गई, जिससे इस कार्य में जुड़े संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है।

इस संबंध में आज प्रशासन द्वारा पुलिस कंट्रोल रुम में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिले में अवैध मादक पदार्थों की खेती पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सघन जांच एवं संयुक्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसके प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रशासन द्वारा सभी अनुविभागों में व्यापक ड्रोन सर्वे अभियान संचालित किया गया है। इस अभियान के तहत खरसिया (14 ग्राम), घरघोड़ा (10 ग्राम), तमनार (12 ग्राम), लैलूंगा (4 ग्राम), मुकडेगा (3 ग्राम), रायगढ़ (11 ग्राम), पुसौर (13 ग्राम) एवं धरमजयगढ़ (7 ग्राम) में सफलतापूर्वक सर्वे किया गया है। ड्रोन तकनीक के माध्यम से दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में भी निगरानी संभव हो सकी है, जिससे संदिग्ध गतिविधियों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

कलेक्टर ने बताया कि पिछले एक से डेढ़ सप्ताह से जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों का गहन विश्लेषण और सर्वे किया जा रहा है। इस दौरान अफीम की खेती के दो मामले सामने आए थे। वहीं, आज दोपहर तीसरा मामला भी प्रकाश में आया है। उन्होंने बताया कि सभी मामलों में संबंधित धाराओं के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की अवैध खेती कानूनन गंभीर अपराध है। इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। आगे भी ड्रोन सर्वे, सघन जांच एवं संयुक्त कार्रवाई इसी तरह लगातार जारी रहेगी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने बताया कि बीते 19 मार्च को मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तमनार क्षेत्र के आमाघाट में छापेमारी की। जांच के दौरान पाया गया कि यहां सब्जी की खेती की आड़ में अवैध रूप से अफीम की खेती की जा रही थी। कार्रवाई के दौरान लगभग 60, 326 पौधे बरामद किए गए, जिनका अनुमानित बाजार मूल्य करीब 2 करोड़ रुपये आंका गया है। इस मामले में झारखंड निवासी मुख्य आरोपी मार्शल सांगा को हिरासत में लेकर विवेचना की जा रही है। मौके पर पूरी फसल को उखाड़कर जब्त किया गया तथा रोटावेटर और जेसीबी मशीन की सहायता से खेत को पूरी तरह नष्ट कर समतल किया गया। इस कार्रवाई में पुलिस, प्रशासन, कृषि, आबकारी एवं एफएसएल की टीम संयुक्त रूप से उपस्थित रही।

इसी क्रम में 23 मार्च को फिजिकल एवं ड्रोन सर्वे के दौरान लैलूंगा तहसील के ग्राम नवीन घटगांव में भी अवैध खेती का मामला सामने आया। यहां भूमिस्वामी सादराम नाग द्वारा अपने खेत में साग-भाजी के बीच छोटे क्षेत्र में अफीम की खेती की जा रही थी। पौधों में सफेद फूल आना प्रारंभ हो गया था तथा कुछ डंठल सूख चुके थे। पुलिस ने तत्काल फसल को जब्त कर आरोपी को हिरासत में लिया गया है। इसके अतिरिक्त ग्राम के ही एक अन्य व्यक्ति अभिमन्यु नागवंशी के घर से अफीम की सूखी फसल बरामद की गई। टीम के पहुंचने पर आरोपी द्वारा साक्ष्य नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा था, जिसे समय रहते विफल करते हुए सामग्री जब्त की गई।

लैलूंगा क्षेत्र के मुड़ागांव में तानसिंह नागवंशी से पूछताछ में लगभग 5 डिसमिल क्षेत्र में संदिग्ध फसल की खेती किए जाने की बात सामने आई है। उसके घर से पेड़, पत्तियां एवं तने के सूखे अवशेष प्रशासनिक टीम द्वारा बरामद कर जांच के लिए भेजा गया हैं। पुलिस टीम नारकोटिक्स के अधिकारियों के संपर्क में है, रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभी तक दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है, पूछताछ करने के बाद उनकी भूमिका पूरी तरीके से स्पष्ट हो जाएगी। जिसके बाद नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि इस प्रकार की किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन या पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### अवैध अफीम खेती पर जिला प्रशासन सख्त

# वर्तमान सर्वे में कहीं भी अफीम की अवैध खेती नहीं पाई गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**धमतरी 24 मार्च।** प्रदेश में अवैध रूप से अफीम की खेती के कुछ मामलों के सामने आने के बाद प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इस संबंध में आयुक्त, भू-अभिलेख छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य के सभी जिला कलेक्टरों को पत्र जारी कर अपने-अपने जिलों में संभावित क्षेत्रों का सर्वे कर विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रमाण-पत्र सहित 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

उक्त निर्देशों के परिपालन में धमतरी कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपर कलेक्टर (भू-अभिलेख) को जिले में व्यापक सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके तहत इंदिरा देवहारी, अपर कलेक्टर एवं मनोज मरकाम, प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख द्वारा ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार, एसडीएम, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तथा उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर क्षेत्रवार सर्वे कार्य की समीक्षा की गई। सभी संबंधित अमले द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में गहन निरीक्षण एवं सर्वेक्षण किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार धमतरी जिले में कहीं भी अवैध रूप से अफीम की खेती नहीं पाई गई है, यह जिले के लिए प्रसन्नता की बात है। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि ÷जिले में कानून व्यवस्था एवं कृषि गतिविधियों की सतत निगरानी प्रशासन की प्राथमिकता है। अवैध गतिविधियों पर पूर्णतः रोक लगाने के लिए सभी विभागों के समन्वय से कार्य किया जा रहा है। वर्तमान सर्वे में जिले में कहीं भी अफीम की अवैध खेती नहीं पाई गई है, जो कि सकारात्मक संकेत है। आगे भी सतर्कता बनाए रखते हुए नियमित निरीक्षण एवं जनजागरूकता अभियान चलाए जाएंगे।÷ जिला प्रशासन द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसानों को वैध फसलों की ओर प्रोत्साहित करते हुए उन्हें तकनीकी मार्गदर्शन एवं योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए, जिससे कृषि क्षेत्र में सकारात्मक और सुरक्षित वातावरण बना रहे।

### नौकायान प्रतियोगिता के उत्कृष्ट फोटो जमा करने की अंतिम तिथि 25 मार्च

**धमतरी, 24 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में हाल ही में आयोजित भव्य नौकायान प्रतियोगिता के रोमांचक एवं मनोहारी पलों को संरक्षित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विशेष उत्कृष्ट फोटो को पुरस्कृत किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना तथा नौकायान उत्सव की यादगार झलकियों को व्यापक मंच प्रदान करना है। उत्कृष्ट फ़ोटो प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रतिभागियों से नौकायान से संबंधित आकर्षक, सृजनात्मक एवं उच्च गुणवत्ता वाले फोटोग्राफ आमंत्रित किए गए हैं। प्रतिभागियों को अपने फोटो 12म15 इंच आकार में हार्ड कॉपी के साथ-साथ सॉफ्ट कॉपी में भी प्रस्तुत करना होगा। प्रत्येक प्रविष्टि के साथ प्रतिभागी का नाम, पूर्ण पता एवं मोबाइल नंबर अंकित करना अनिवार्य रहेगा। इच्छुक प्रतिभागी अपने फोटोग्राफ मंगलवार, 25 मार्च 2026 शाम 5.00 बजे तक जिला जनसंपर्क कार्यालय, कलेक्ट्रेट परिसर धमतरी में जमा कर सकते हैं।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

# अधिकारियों को दिए पारदर्शी और समयबद्ध निराकरण के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 24 मार्च।** जिला कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में आज जिले के दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी इलाकों तक के नागरिक अपनी समस्याएं, शिकायतें और मांगें लेकर पहुंचे। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित, पारदर्शी और नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि जनदर्शन का उद्देश्य आम नागरिकों को उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान उपलब्ध कराना है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कर उसकी जानकारी आवेदकों को समय पर दी जाए।

जनदर्शन में फ्टहामुड़ा, रायगढ़ निवासी बाबूलाल साव ने अमृत मिशन योजना के अंतर्गत जल आपूर्ति नहीं होने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनके घर के समीप तक पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है, लेकिन उनके घर तक कनेक्शन नहीं जोड़ा गया है। इसके चलते उन्हें रोजमर्रा के कार्यों के लिए पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम कोड़केल, तहसील लैलूंगा के बालकराम पटेल ने भूमि सीमांकन नहीं किए जाने की समस्या उठाई। उन्होंने बताया खसरा नंबर 104/6, रकबा 0.020 हेक्टेयर के नक्शा सुधार और सीमांकन के लिए उन्होंने पूर्व में तहसीलदार को आवेदन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को तत्काल जांच कर सीमांकन की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए।

ग्राम उच्चभिट्ठी की सविता महंत ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शेष किस्त की राशि नहीं मिलने की समस्या बताई। उन्होंने बताया कि प्रथम किस्त के रूप में 40 हजार रुपये मिलने के बाद उन्होंने अपने मकान का निर्माण चौखट स्तर तक पूरा कर लिया है, लेकिन शेष राशि के अभाव में निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# तालाब के ऊपर मुर्गी पालन कर खेती को और अधिक लाभकारी बनाया



- अपनी मेहनत और नवाचार से खेती को नई पहचान दे रहा युवा किसान अंकित
- बहुफसली लेकर बने उन्नत किसान अंकित लकड़ा

**रायपुर, 24 मार्च।** खेत को आय का बहुआयामी और मजबूत माध्यम बनाने के लिए पारंपरिक खेती के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों, संबद्ध व्यवसायों और विविधीकरण को अपनाना अनिवार्य है। मुर्गी पालन और मछली पालन को एक साथ अपनाना, जिसे एकीकृत मछली-सह-मुर्गी पालन कहा जाता है, ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की आय में भारी बढ़ोतरी और आत्मनिर्भरता का एक बेहतरीन जरिया है। यह प्रणाली कम लागत में दोहरा मुनाफा प्रदान करती है। छत्तीसगढ के जशपुर जिले के ग्राम रतबा के युवा किसान अंकित लकड़ा अपनी मेहनत और नवाचार से खेती को नई पहचान दे रहे हैं। पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर उन्होंने अपने खेत को बहुआयामी आय का मजबूत माध्यम बना दिया है। आइए जानते हैं उनकी प्रेरणादायक कहानी।

**तालाब के ऊपर मुर्गी पालन कर खेती को और अधिक लाभकारी बनाया:** ग्राम रतबा के युवा किसान अंकित ने बताया कि पहले वे बरसात में सिर्फ धान की खेती करते थे। इसे पश्चात् उन्होंने मत्स्य विभाग से जानकारी प्राप्त कर अपने खेत में तालाब बनाए। अब वे गर्मी में भी खेती करने लगे और आम के पेड़ लागाए उसी तालाब के पानी से गर्मी में पेड़ों को पानी देते हैं। तालाब के पानी का उपयोग करके बागवानी भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2 तालाब के उपर शेड बनाकर मुर्गी पालन और मछली पालन करते हैं। मुर्गियों का अपशष्टि मछलियों के लिए आहार का कार्य करता है। शेड का कैपेसिटी 1000 से 1200 है। तालाब के मेड में आम का पेड़ लगाए हैं। आम का पेड़ या अन्य पेड़ मिट्टी को एकजुट रखता है मिट्टी को काटने नहीं देता। इसके साथ ही आम का पेड़, लीची का पेड़ अतिरिक्त आय का माध्यम बन जाता है। युवा किसान ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य योजना अंतर्गत पॉन्ड लाइनर प्राप्त हुआ है। मछली विभाग से 8 लाख रूपए की राशि अनुदान में मिला इसके साथ पॉलीथिन, बोर, मोटर और फीड प्राप्त हुआ है।

इस मॉडल को अपनाने वाले किसानों का कहना है कि यह न सिर्फ आमदनी बढ़ाता है, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी है। मछली पालन करने वाले नंदकिशोर पटेल बताते हैं कि पहले वे केवल तालाब में मछली पालन करते थे, लेकिन अब उन्होंने इस मॉडल से मुर्गी पालन भी शुरू किया है। उनका कहना है कि ÷शुरुआत में थोड़ा इनवेस्टमेंट जरूर लगता है, लेकिन जब सिस्टम चलने लगता है, तो मेहनत का फल बहुत अच्छा मिलता है। एक बार इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हो जाए, फिर हर महीने स्थिर इनकम होने लगती है। अंकित लकड़ा की यह पहला बताती है की नई सोच और योजनाओं के सही उपयोग से खेती को और अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है ऐसे ही नवाचार और सफल किसानों से मिलने के लिए कृषि क्रांति एक्सप्रेस 2.0 में जरूर आए।

# कार्यशाला में पीएम-राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 24 मार्च।** पीएम-राहत (प्रधानमंत्री रोड एक्सीडेंट विक्टिम हॉस्पिटलाइजेसन एण्ड एस्योरड ट्रीटमेंट) योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभाकक्ष में जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बताया गया कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम-राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अब तत्काल और कैशलेस ईलाज की सुविधा मिलेगी। योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल पीड़ितों को गोल्डन ऑवर अर्थात सड़क दुर्घटना के तुरंत बाद के महत्वपूर्ण समय में बिना किसी देरी के अस्पतालों में भर्ती कर अधिकतम 7 दिनों तक प्रति व्यक्ति अधिकतम 1 लाख 50 हजार रूपए तक का कैशलेस




उपचार जिले के पंजीकृत समस्त शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यशाला में बताया गया कि योजना का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायल मरीजों को समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना हैं। दुर्घटना के बाद शुरूवाती समय में तत्काल ईलाज मिलने पर कई लोगों की जान बचाई जा सकती हैं। कार्यशाला में जिले के सभी 34 शासकीय अस्पतालों के अस्पताल प्रभारी एवं जिले के कुल 37 निजी अस्पताल प्रभारी व संचालकों को टीएमएस 2.0 पोर्टल एवं ईडीएआर पोर्टल का लाईव प्रशिक्षण प्रोजेक्टर द्वारा प्रदान किया गया। शासन के निर्देशानुसार योजना का प्रभावी क्रियान्वयन एवं पीड़ितों को तत्काल उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है। कार्यशाला में जिला टीकाकरण अधिकारी सह नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. बीएल तुलावी, जिला प्रबंधक पीएम-राहत श्री अरूण सोनी एवं जिला परियोजना समन्वयक आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना श्री ऐश्वर्य साव द्वारा पीएम-राहत योजना के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। कार्यशाला में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव, जिला चिकित्सालय बसंतपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव, छुरिया, डोंगरगढ़, घुमका, सोमनी तथा समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, आरएमए, अस्पताल मेडिको एवं जिले के कुल 37 निजी अस्पतालों से अस्पताल संचालक, अस्पताल प्रबंधक एवं अस्पताल मेडिको उपस्थित थे।

## एक नजर

### दुपहिया चालकों के लिए हाइवे में पहनना हेलमेट अनिवार्य है-परिवहन आयुक्त

**रायपुर 24 मार्च।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, उपाध्यक्ष बलराम आहूजा, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र छाबड़ा एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने परिवहन आयुक्त के पत्र का हवाला देते हुए पुलिस कमिश्नर श्री संजीव शुक्ला से हाइवे में हेलमेट अनिवार्य करने की मांग की है। श्री रमेश आहूजा ने कहा है कि हमने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के बंगले नया रायपुर में 31.01.2026 को तथा उनके कार्यालय सिविल लाईन्स में 06.02.2026 को आयुक्त (हाइवे) में हेलमेट अनिवार्य करने पत्र लिखा था । मुख्यमंत्री कार्यालय से रमेश आहूजा के मोबाईल में मैसेज आया था आपका आवेदन परिवहन आयुक्त को भेज दिया गया है। कल दिनांक 23.03.2026 को परिवहन आयुक्त का पत्र रमेश आहूजा को मिला है जिसमें उन्होने मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 129 ए छ0ग0 मोटरयान नियम 1994 के नियम 2/3 के प्रावधानों के तहत मोटर सायकल के चालक तथा सवार जो 04 वर्ष से अधिक उम्र का है की सिर की सुरक्षा हेतु मोटर सायकल की सवारी करते समय हेलमेट पहना जाना अनिवार्य है अतः उपरोक्त प्रावधान पूर्व से ही प्रभावशील है कृपया सूचनार्थ प्रेषित।

### 26 मार्च रामनवमी को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव 24 मार्च।** राज्य शासन के निर्देशानुसार रामनवमी के उपलक्ष्य में 26 मार्च दिन गुरूवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

### जल संरक्षण जन भागीदारी से संभव: मधुसूदन यादव

**राजनांदगांव 24 मार्च।** महापौर श्री मधुसूदन यादव ने शहरवासियों को विश्व जल दिवस की शुभकामनाएं देते हुये जल संरक्षण में भागीदारी बनने अपील की है। उन्होंने नागरियो से कहा है कि प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है, इसका प्रमुख उद्देश्य पानी के महत्व को जान पानी बचाने संकल्प लेना है। महापौर श्री यादव ने कहा कि आज पेड पौधे कटने के कारण वर्षा ऋतु में पर्याप्त मात्रा में वर्षा नहीं हो पाती है, जिससे पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है। भविष्य में पानी की समस्या से बचने पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इसी प्रकार जल संरक्षण में भी जन भागीदारी अति आवश्यक है। क्योकि जल संरक्षण हमारा दायित्व ही नही हमारा कर्तव्य भी है। इसके लिये हमे अपने घरों व आस पास व्यर्थ पानी नहीं बहने देना है, नलों में टोटीयों का उपयोग करना है, आवश्यकता अनुसार पानी का उपयोग करना है। महापौर श्री यादव ने कहा कि जल स्तर में वृद्धि करने रेन वाटर हारवेस्टिंग सबसे बड़ा उपाय है, सभी लोग अपने घरों में रेन वाटर हारवेस्टिंग लगाये तथा सोकपीट का निर्माण करें, ताकि घर में उपयोग किया हुआ खराब पानी सोकपीट में जाये और भूमि में नमी बनी रहे।

### मोडिफाई साइलेंसर लगाकर बाइक चलने वालों के खिलाफ पुलिस ने की कड़ी कार्रवाई

**डोंगरगढ़ 24 मार्च।** नवरात्रि पर्व दौरान यात्रियों की सुरक्षा हेतु, बदमाशों पर पुलिस चौकी तुमडीबोड जिला राजनांदगांव की कार्यवाही। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं नवरात्रि पर्व दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु हुड़दंगियों पर लगाम लगाने हेतु आज दिनांक 23/03/2026 को रात्रि में वाहन क्रमांक छ्त्र08ड्ड5446 व छ्त्र04ड्ड2074 के चालक 1.यश वर्मा पिता तुलेश्वर प्रसाद वर्मा उम्र 24 साल, निवासी नंदनी थाना नन्दिनी जिला दुर्ग (छ.ग.) 2. समीर यादव पिता दिगेंद्र यादव उम्र 25 साल निवासी नंदनी थाना नन्दिनी जिला दुर्ग (छ.ग.) एवं अन्य पर मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज फ्टाकेदार आवाज निकालने, बिना हेलमेट खतरनाक तरीके से वाहन चलाने पर मोटर यान अधिनियम के तहत कुल 16500.00 की चलानी कार्यवाही की गई। राजनांदगांव पुलिस नवरात्रि पर्व हेतु श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु पूरी तरह मुस्तैद है।

#### मत्स्य पालन विभाग के तकनीकी ज्ञान, प्रशिक्षण और सहायता से

# मछली एवं झींगापालन कर मां दुर्गा समिति तीन गुना से अधिक आय अर्जित कर रही

**रायपुर, 24 मार्च।** महासमुंद जिले अन्तर्गत जय माँ दुर्गा मत्स्य सहकारी समिति मर्यादित, किशनपुर को मत्स्य पालन विभाग द्वारा प्रदान किए गए तकनीकी ज्ञान, प्रशिक्षण और विभिन्न योजनाओं के तहत मिली सहायता ने उनके कार्य को नई दिशा दी है। इस सहायता से आज समिति द्वारा तीन गुणा अधिक आय अर्जित किया जा रहा हैं। इस समिति में कुल 24 सदस्य हैं, जिनमें 11 महिलाएं और 13 पुरुष शामिल हैं। विगत 20 वर्षों से यह समिति मत्स्य पालन के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है तथा इसके पास 31.59 हेक्टेयर जलाशय और 3.50 हेक्टेयर तालाब का जलक्षेत्र उपलब्ध है, जिसका सुनियोजित उपयोग कर समिति ने प्रगति हासिल की है।



समिति सदस्य बताते है कि उनका जीवन पहले काफी संघर्षपूर्ण था, जहां उनकी आजीविका मुख्य रूप से खेती और मजदूरी पर निर्भर थी। सीमित संसाधनों के कारण उनकी वार्षिक आय लगभग 36 हजार रुपये ही थी, जिससे परिवारों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता था। लेकिन समय के साथ मत्स्य पालन विभाग के मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और योजनाओं से जुड़कर समिति ने मत्स्य पालन को अपनाया और धीरे-धीरे अपनी स्थिति में सुधार लाना शुरू किया। मत्स्य पालन विभाग द्वारा प्रदान किए गए तकनीकी ज्ञान, प्रशिक्षण और विभिन्न योजनाओं उनके कार्य को नई दिशा दी। जाल, आइस बॉक्स, मत्स्य बीज, सीफेक्स, झींगा बीज तथा मोटरसाइकिल अनुदान जैसी सुविधाओं ने उत्पादन क्षमता को बढ़ाने में भूमिका निभाई। विभागीय अधिकारियों के निरंतर प्रोत्साहन और सफल मत्स्य पालकों से मिली प्रेरणा ने समिति के सदस्यों का मनोबल मजबूत किया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

समिति ने पारंपरिक पद्धतियों को छोड़कर आधुनिक तकनीकों को अपनाया, जिसमें मिश्रित मत्स्य पालन, उन्नत बीजों का उपयोग, परिपूरक आहार और वैज्ञानिक तरीके शामिल हैं। इन नवाचारों के परिणामस्वरूप उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जहां पहले लगभग 7 क्विंटल उत्पादन होता था, वहीं अब यह बढ़कर 21 क्विंटल तक पहुंच गया है। इसके साथ ही झींगा पालन को अपनाने से अतिरिक्त आय के नए स्रोत भी विकसित हुए, जिससे कुल आय में तीन गुना वृद्धि दर्ज की गई और वार्षिक आय लगभग 3 लाख 40 हजार रुपये तक पहुंच गई।

मत्स्य पालन से जुड़े रहने के कारण समिति के सदस्यों के जीवन स्तर में अधिक बदलाव आया है। पहले जहां आर्थिक तंगी के कारण दैनिक जीवन प्रभावित होता था, वहीं अब परिवारों की स्थिति सुदृढ़ हुई है। कच्चे मकानों को पक्के मकानों में परिवर्तित किया गया, सदस्यों ने मोटरसाइकिल जैसी सुविधाएं प्राप्त कीं और नियमित बचत की दिशा में कदम बढ़ाते हुए समिति के नाम से बैंक खाते में राशि जमा करना शुरू किया गया। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी समिति को मजबूती प्रदान की है, जिससे महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिला है।

### शहीदे आजम सरदार भगत सिंह को शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि दी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 24 मार्च।** छत्तीसगढ़ सिख संगठन ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह की शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर भगत सिंह चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांपूवर्क नमन किया समाज सेवी लोगों को फ्ल वितरित किया कार्यक्रम में अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा विधायक सुनील सोनी पूर्व विधायक कुलदीप सिंह जुनेजा ,छत्तीसगढ़ सिख संगठन के संयोजक अरूण छाबड़ा बंटी प्रदेश अध्यक्ष दलजीत सिंह चावला महासचिव सचिन मोनू सलुजा समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे एवं देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीद भगत सिंह जी का अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और बलिदान हम सभी के लिए सदैव प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा। उनका त्यागमय जीवन हमें मातृभूमि की सेवा, न्याय और देशहित के लिए समर्पित रहने का संदेश देता है।ऐसे महान क्रांतिकारी वीर सपूत को कोटि-कोटि नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं

### सड़क हादसे में ठेका मजदूर की मौत

**भिलाई 24 मार्च।** इस्पात संयंत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में ठेका मजदूर की मौत हो गई ट्रक की चपेट में आने से (55 साल ) साइकिल सवार मजदूर ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मौत की खबर लगते ही परिवार में कोहराम मच गया



है मृतक की बेटी छोटी है उसकी पढ़ाई का खर्च कंपनी उठाने को तैयार है मुआवजा राशि का भुगतान किया जाएगा साथ ही मृतक की पत्नी को नौकरी भी दी जाएगी भट्टी थाने पुलिस शव का पंचनामा कर रही है पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा जानकारी के अनुसार, यह हादसा बीती रात प्लांट परिसर के अंदर रेल मिल क्षेत्र के जीरो कार्बाइड मोड़ के पास, 14 नंबर बिल्डिंग के सामने हुआ मृतक की पहचान खुर्सीपार निवासी गोमती प्रसाद साहनी (55 साल ) के रूप में हुई है, जो एसआरयू का ठेका मजदूर बताया जा रहा है बताया जा रहा है कि छ्त्र 04 ह्रू7139 नंबर का ट्रक रेल पटरी लोड करने के लिए रेल मिल शिपिंग एरिया की ओर जा रहा था इसी दौरान टर्न लेते समय साइकिल सवार मजदूर ट्रक के पिछले चक्के की चपेट में आ गया हादसा इतना गंभीर था कि मजदूर को अंदरूनी चोटें आईं बताया जा रहा है कि छ्त्र 04 ह्रू7139 नंबर का ट्रक रेल पटरी लोड करने के लिए रेल मिल शिपिंग एरिया की ओर जा रहा था इसी दौरान टर्न लेते समय साइकिल सवार मजदूर ट्रक के पिछले चक्के की चपेट में आ गया हादसा इतना गंभीर था कि मजदूर को अंदरूनी चोटें आईं।

### पीएम जनमन आवास से जीवन में आई नई रोशनी

**रायपुर, 24 मार्च।** छत्तीसगढ़ राज्य के दूरस्थ अंचलों में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों के लिए प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना किसी संजीवनी से कम नहीं है। कोरिया जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर के बचरा-पोड़ी क्षेत्र की ग्राम पंचायत गढ़तर में रहने वाली सुकबरिया के जीवन में इस योजना ने बड़ा बदलाव लाया है। कच्चे और जर्जर मकान में डर-डरकर जीवन बिताने वाला यह परिवार अब पक्के घर की सुरक्षित छत के नीचे सुकून की नींद ले रहा है। सुकबरिया अपने पति सुखलाल और तीन बच्चों के साथ एक साधारण किसान परिवार से संबंध रखती हैं। परिवार की आय मुख्य रूप से दूसरों के खेतों में मजदूरी और सीमित कृषि पर निर्भर थी। मौसम पर आधारित आय और मनरेगा के सीमित कार्यों के कारण पक्का मकान बनाना उनके लिए असंभव जैसा था। करीब 40 डिस्मिल जमीन पर बने कच्चे घर में यह परिवार वर्षों तक रहा। बरसात के दिनों में छत से पानी टपकना, दीवारों का कमजोर होना और घर में पानी भर जाना जैसी समस्याएं हर साल उनकी चिंता बढ़ा देती थीं।

### समय पर जमा करें निकाय कर, वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर अवकाश के दिनों में भी खुला रहेगा कार्यालय: नगर पालिका अध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा 24 मार्च।** नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने नगर के नागरिकों से अपील की है कि वे वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति से पूर्व अपने समस्त बकाया राजस्व (संपत्ति कर, जल कर, दुकान किराया व अन्य शुल्क) का भुगतान कर शहर के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। राजस्व वसूली के लक्ष्य को प्राप्त करने और नागरिकों की सुविधा के लिए नगर पालिका द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं:

अंतिम तिथिः समस्त करों का भुगतान 31 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से किया जा सकता है। नागरिक कार्यदिवसों में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक नगर पालिका कार्यालय की राजस्व शाखा में सीधे कर जमा कर सकते हैं।

वार्ड स्तर पर सुविधाः दोपहर 03:00 बजे के बाद नागरिक अपने संबंधित वार्ड के सहायक राजस्व निरीक्षक से संपर्क कर चेक या नगद के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं।

अवकाश में भी कार्यः वित्तीय वर्ष की समाप्ति को ध्यान में रखते हुए, नागरिकों की सुविधा हेतु नगर पालिका का राजस्व विभाग शनिवार एवं रविवार को भी खुला रहेगा, ताकि नौकरीपेशा और व्यवसायी वर्ग आसानी से अपना कर जमा कर सकें।

अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहाः नगर का विकास हमारे द्वारा दिए गए करों पर निर्भर करता है। मैं सभी भाटापारा वासियों से निवेदन करता हूँ कि अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय पर अपना राजस्व जमा करें और किसी भी प्रकार की शास्ति (पेनल्टी) से बचें। आपकी सुविधा के लिए हमारी टीम छुट्टियों में भी आपकी सेवा के लिए उपलब्ध है।

# करीब 5 लाख भूमिहीन परिवारों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिए 500 करोड़ रुपये की सौगात देंगे मुख्यमंत्री साय

**रायपुर, 24 मार्च।** छत्तीसगढ़ की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के शिल्पकार भूमिहीन कृषि मजदूर अब आर्थिक सुरक्षा के एक नए युग में प्रवेश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार की 'दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना' न केवल एक वित्तीय सहायता कार्यक्रम है, बल्कि यह समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को सम्मानजनक जीवन देने का एक महायज्ञ भी है। इस योजना के तहत इस साल 4,95,965 भूमिहीन हितग्राहियों के खाते में सीधे 10,000 रुपये की धनराशि प्रत्येक हितग्राही के मान से अंतरित की जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से 495 करोड़ 96 लाख 50 हजार रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है। इस सूची में 22 हजार 28 बैगा और गुनिया परिवार भी शामिल हैं, जो राज्य की सांस्कृतिक और पारंपरिक विरासत के रक्षक हैं। राज्य सरकार ने पिछले वर्ष भी इस योजना के माध्यम से रिकॉर्ड सहायता प्रदान की थी। साल 2025 में कुल 5,62,112 हितग्राहियों को 10,000 रुपये के हिसाब से 562 करोड़ 11 लाख 20 हजार रुपये की राशि वितरित की थी। आंकड़ों का यह निरंतर प्रवाह दर्शाता है कि राज्य सरकार भूमिहीन परिवारों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। 25 मार्च को बलौदाबाजार की धरती से जब मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय राशि अंतरित करेंगे, तो वह छत्तीसगढ़ के 'न्याय और सुशासन' की गूंज होगी। 'दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना' ने यह साबित कर दिया है कि जब सरकार की नीयत साफ और नीति स्पष्ट हो, तो विकास की किरण हर झोपड़ी तक पहुंचती है। इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता इसका समावेशी स्वरूप है। इस वर्ष की लाभार्थी सूची में 22,028 बैगा और गुनिया परिवार भी शामिल हैं। ये वे लोग हैं जो हमारी प्राचीन औषधीय परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को सहेज कर रखे हुए हैं। सरकार ने इन्हें मुख्यधारा से जोड़कर यह संदेश दिया है कि 'अंत्योदय' की कतार में खड़ा आखिरी पंक्ति के व्यक्ति भी शासन की प्राथमिकता में सबसे ऊपर है। 'दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना' उन ग्रामीण परिवारों के लिए एक वरदान है, जिनकी आय का मुख्य स्त्रोत मजदूरी है। सरकार का प्राथमिक लक्ष्य इन परिवारों को सालाना एक निश्चित आर्थिक सहायता प्रदान करना है, ताकि वे अपनी बुनियादी जरूरतों, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और दैनिक आवश्यकताओं को बिना किसी कर्ज के पूरा कर सकें। इन्हें पूर्व में दी जाने वाली 7,000 रुपये की राशि को बढ़ाकर अब 10,000 रुपये प्रति वर्ष कर दिया गया है, जो सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचती है।

### दो बड़ी खेल अधोसंरचनाओं के लिए 109.40 करोड़ मंजूर

**रायपुर, 24 मार्च।** राज्य शासन ने दो बड़े खेल अधोसंरचनाओं के निर्माण के लिए 109 करोड़ 39 लाख 75 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने आज मंत्रालय से इनकी प्रशासकीय मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने नवा रायपुर में खेल कॉम्प्लेक्स के लिए 94 करोड़ 68 लाख 98 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं।

#### सांसद प्रतिनिधि डॉ. तरुण हत्थेल ने लगाया आरोप

# सफाई ठेकेदार सुप्रीम कोर्ट व सरकार के निर्देशों धज्जियां उड़ा रहे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 24 मार्च।** सांसद प्रतिनिधि डॉ. तरुण हत्थेल ने सफाई ठेकेदारों और स्वच्छता क्षेत्र में हो रही लापरवाहियों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सफाई ठेकेदार जानबूझकर सरकार और सर्वोच्च न्यायपालिका के दिशा-निर्देशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। कम मजदूरी, बिना सुरक्षा उपकरणों के काम करवाना और शोषित समाज को लगातार दबाव में रखना इन ठेकेदारों की सोची-समझी रणनीति है।

**शोषित और घुमंतू समाज के साथ अन्याय:**

डॉ. हत्थेल ने कहा, हजारों वर्षों से यह समाज अनपढ़ और शोषित रहा है। आज भी इन्हें समाज में बराबरी का सम्मान नहीं मिल रहा। यह बहुत बड़ा भद्दा मजाक है कि ऐसे समाज से अपने हक के लिए लड़ने की उम्मीद की जाती है, जिनके पास न खाने को रोटी है और न रहने को छत। उन्होंने यह भी



कहा कि यह समाज आज अपने अस्तित्व और परिवार की जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहा है। ऐसे में उनसे अपने सम्मान के लिए लड़ने की अपेक्षा करना उनके साथ अन्याय है।

**छत्तीसगढ़ की घटना पर दुख व्यक्त**

डॉ. हत्थेल ने छत्तीसगढ़ के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में एक सफाई कर्मचारी की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह घटना न केवल दुखद है, बल्कि यह स्वच्छता क्षेत्र में हो रही लापरवाहियों और शोषण की एक और मिसाल है।

**स्वच्छ भारत मिशन पर प्रतिक्रिया**

डॉ. हत्थेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन की सराहना करते हुए कहा, प्रधानमंत्री ने स्वच्छता के क्षेत्र में कई आधुनिक और सकारात्मक कदम उठाए हैं। लेकिन, कुछ लालची ठेकेदार और स्वार्थी लोग इस मिशन को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक सोची-समझी साजिश है, जहां स्वच्छता के नाम पर राजनीति की जा रही है और गरीबों के अधिकारों का हनन हो रहा है।÷

**डॉ. हत्थेल की मांगः** 1. सख्त कार्रवाईः सफाई ठेकेदारों की लापरवाहियों की जांच हो और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। 2. सुरक्षा उपकरणः सफाई कर्मचारियों को उचित सुरक्षा उपकरण और मानवीय परिस्थितियों में काम करने का अधिकार मिले। 3. शोषण का अंतः सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शोषित और घुमंतु समाज को बराबरी का सम्मान मिले। 4. मजदूरी में सुधारः सफाई कर्मचारियों को उनकी मेहनत के अनुसार उचित मजदूरी दी जाए।

**समाज के लिए संदेश**

डॉ. हत्थेल ने शोषित समाज से अपील की कि वे अपने अधिकारों के लिए जागरूक हों और अपने हक के लिए आवाज उठाएं। उन्होंने कहा, अब समय आ गया है कि यह समाज अन्याय के खिलाफ खड़ा हो और अपने सम्मान और अधिकारों की लड़ाई लड़े।÷ डॉ. हत्थेल ने यह भी कहा कि सरकार और प्रशासन को इस विषय पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

**- डॉ. तरुण हत्थेल**
**सांसद प्रतिनिधि, डोंगरगढ़**

# असामाजिक तत्वों के विरुद्ध पुलिस चौकी सुरगी ने की प्रभावी कार्रवाई

**राजनांदगांव 24 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा.पु.से.) के पर्यवेक्षण में जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधों की रोकथाम हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 23.03.2026 को पुलिस चौकी सुरगी को ग्राम उसरीबोड़ से एक महिला द्वारा दूरभाष के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि उसका पति थान सिंह साहू प्रतिदिन नशा पान कर घर में विवाद एवं मारपीट करता है तथा परिवार के सदस्यों को कमरे में बंद कर देता है। साथ ही घर के अलमारी का लॉकर बंद कर पत्नी के जेवरात एवं नगदी नहीं दे रहा है। उक्त दिनांक को भी आरोपी द्वारा नशे की हालत में परिवार के साथ झगड़ा किया जा रहा था। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर शिकायत की तस्दीक की गई। जांच एवं पूछताछ के दौरान पाया गया कि आरोपी थान सिंह साहू, पेशे से शिक्षक, नशा करने का आदी है एवं अपने पत्नी व बच्चों के साथ लगातार दुर्व्यवहार करता है।



पुलिस कार्यवाही के दौरान भी आरोपी द्वारा आक्रोशित होकर विवाद किया गया, जिससे शांति एवं कानून व्यवस्था भंग होने तथा संज्ञेय अपराध घटित होने की संभावना परिलक्षित हुई। उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए आरोपी- थान सिंह साहू पिता स्व. लोम सिंह साहू, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम उसरीबोड़, चौकी सुरगी, थाना बसंतपुर, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) को धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत गिरफ्तार कर धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत इस्तगाशा तैयार कर माननीय कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस द्वारा इस प्रकार की वैधानिक कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। आम नागरिकों से अपील है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि अथवा अशांति की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## एक नजर

### निगम अधिकारियों ने किया तालाबों का निरीक्षण

**रायपुर, 24 मार्च।** महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर नगर निगम जोन 1 जोन अध्यक्ष गज्जू साहू और एमआईसी सदस्य नंदकिशोर साहू सहित नगर निगम जोन 1 जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर ने कार्यपालन अभियंता द्रोनी कुमार पैकरा और सहायक अभियंता शरद देशमुख सहित अन्य सम्बंधित जोन अधिकारियों की उपस्थिति में नगर निगम जोन 1 अंतर्गत यतियतन लाल वार्ड क्रमांक 4, बंजारी माता वार्ड क्रमांक 5 और वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक 16 अंतर्गत क्षेत्र के नालों और बाजारों, तालाबों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 16 के अंतर्गत नीम डबरी तालाब और शीतला तालाब का सौंदर्यीकरण करने प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए. नगर निगम जोन 1 अधिकारियों ने बताया कि रेल्वे क्षेत्र में वार्ड 16 का नाला क्षेत्र आने के कारण प्रत्येक वर्ष बारिश के पूर्व नाला सफ़ाई करवाने नगर निगम रायपुर द्वारा पत्र भेजकर नियमानुसार रेल्वे प्रशासन से अनुमति मांगी जाती है और अनुमति मिलते ही सुगम निकास कायम करने रेल्वे क्षेत्र के नाले की सफ़ाई करवाई जाती है. नगर निगम जोन 1 जोन कमिश्नर ने रेल्वे प्रशासन को पत्र लिखकर बारिश पूर्व रेल्वे क्षेत्र के नाले की सफ़ाई निकास कायम करने अनुमति मांगी है. रेल्वे प्रशासन से अनुमति मिलते ही नगर निगम रायपुर जोन 1 द्वारा जोन अंतर्गत वार्ड 16 में रेल्वे क्षेत्र के नाले की बारिश पूर्व सफ़ाई का अभियान चलाया जायेगा और वहाँ सुगम निकास कायम किया जायेगा.

### छग से ठगे करोड़ों रुपए, दिल्ली एयरपोर्ट पर आरोपी गिरफ्तार, मलेशिया भागने की थी तैयारी

**रायपुर, 24 मार्च।** कोरबा पुलिस ने चिटफंड कंपनी से करोड़ों की ठगी करने वाले आरोपी राजीव गुप्ता को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया। आरोपी मलेशिया भागने की कोशिश कर रहा था, अब पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। यह मामला साल 2016 का है, जब दर्री थाना क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था की एक चिटफंड कंपनी ने निवेश के नाम पर लोगों को ऊंचे रिटर्न के 'सब्जबाग' दिखाए और करीब 5 करोड़ 60 लाख रुपए डकार लिए। आरोपी की लंबे समय से तलाश कर रही कोरबा पुलिस ने उसकी विदेश फ़रारी की आशंका को देखते हुए पहले ही लुकआउट नोटिस जारी कर दिया था। जैसे ही राजीव गुप्ता दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा, इमिग्रेशन और स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों ने उसे पहचान लिया और हिरासत में ले लिया। आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही कोरबा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने त्वरित एक्शन लिया। उनके निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले ने एक विशेष टीम का गठन किया, जिसे आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर लाने के लिए दिल्ली रवाना कर दिया गया है।

### असामाजिक तत्वों ने किसान के ब्यारा में लगाई आग; ट्रैक्टर और पैराकुटी मशीन जली

**रायपुर, 24 मार्च।** राजधानी रायपुर के अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम हसदा नंबर 2 में बीती रात असामाजिक तत्वों ने बड़ी आगजनी की घटना को अंजाम दिया है। अज्ञात उपद्रवियों ने एक किसान के ब्यारा में आग लगा दी, जिससे ट्रैक्टर और पैराकुटी मशीन समेत करीब 16 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जलकर खाक हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित किसान नारद साहू ने अपने ब्यारा में खेती-किसानी के उपकरण और मशीनें रखी थीं। देर रात अज्ञात असामाजिक तत्वों ने वहां रखे पैरे में आग लगा दी। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते उसने पास खड़े ट्रैक्टर और कीमती पैराकुटी मशीन को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद पीड़ित किसान नारद साहू की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### निधन

#### ओमप्रकाश मिश्रा

**रायपुर, 24 मार्च।** वरिष्ठ पत्रकार (अग्रदूत) विजय मिश्रा के बड़े भाई ओमप्रकाश मिश्रा,



सत्यम विहार कॉलोनी, गली नं 5, प्रशांत किराया भण्डार, रायपुरा निवासी का सोमवार को निधन हो गया है। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। वे विजय और अजय के बड़े भाई, वैभव मिश्रा व ऋचा शर्मा के पिता तथा आयाम मिश्रा के बड़े पिताजी थे। अंतिम संस्कार आज महादेव घाट मुक्तिधाम में किया गया।

# जिप अध्यक्ष कल्पना तिवारी को सुष्मिता सेन ने किया सम्मानित

**रायपुर, 24 मार्च।** बेमेतरा जिले के लिए यह अत्यंत गौरव और खुशी का अवसर रहा, जब समाजसेवी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी को नारी शक्ति सम्मान 2026 से रायपुर में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें बॉलीवुड की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री सुष्मिता सेन के कर-कमलों से यह सम्मान प्राप्त हुआ कि यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि पूरे बेमेतरा जिले के लिए गर्व का विषय है। समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उनके निरंतर योगदान को देखते हुए उन्हें इस सम्मान से नवाजा गया। परिचय एवं समाज सेवा की भूमिका कल्पना योगेश तिवारी वर्तमान में जिला पंचायत अध्यक्ष बेमेतरा के रूप में कार्यरत हैं। इसके साथ ही वे माँ गोदावरी आनंदवन 250 वृद्धाश्रम का संचालन कर रही हैं, जहाँ असहाय एवं निराश्रित बुजुर्गों को सम्मान, स्नेह और सुरक्षित आश्रय प्रदान किया जाता है। यह सेवा कार्य समाज के प्रति उनकी संवेदनशीलता और समर्पण का जीवंत उदाहरण है। नारी शक्ति सम्मान पर विचार - सम्मान प्राप्ति के उपरांत अपने विचार व्यक्त करते हुए श्रीमती तिवारी ने कहा कि नारी शक्ति सम्मान अपने आप में एक बड़ा मंच है, लेकिन नारी का वास्तविक सम्मान केवल एक दिन तक सीमित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर महिला में माँ दुर्गा का स्वरूप विद्यमान है और नारी का सम्मान प्रतिदिन होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं और अपनी क्षमता का परिचय दे रही हैं। समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसे और अधिक प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

ऐसे मंच महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और समाज में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। यह सम्मान महिलाओं के भीतर आत्मविश्वास और नई ऊर्जा का संचार करता है, जिससे वे समाज के लिए और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित होती हैं। समाज सेवा के प्रति संकल्प- कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि इस प्रकार के सम्मान से समाज सेवा के प्रति उनका उत्साह और बढ़ा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगे भी वे समाज के हर वर्ग, विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों और जरूरतमंदों के हित में निरंतर कार्य करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि सम्मान केवल उपलब्धि नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है, जो हमें समाज के प्रति और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है।

## PICTURE-स्टोरी




रायपुर, 24 मार्च। रसोई गैस की किल्लत के विरोध में आज शहर कांग्रेस ने प्रदर्शन किया तथा सिलेंडर के प्रतिरूप को तेलीबांधा तालाब में विसर्जित किया।

# नया रायपुर बनेगा देश का पहला डिजिटल हब

## एआई आधारित डेटा सेंटर होगा जल्द शुरू

**रायपुर, 24 मार्च।** छत्तीसगढ़ अब तकनीकी क्रांति की ओर बड़ा कदम बढ़ाने जा रहा है। नवा रायपुर अटल नगर में देश का पहला एआइ आधारित डेटा सेंटर अप्रैल से शुरू होने की तैयारी में है। सेक्टर-22 में 13.5 एकड़ में विकसित हो रहा यह प्रोजेक्ट न केवल प्रदेश की पहचान को नई ऊंचाई देगा, बल्कि आम जनता के लिए भी बड़े बदलाव लेकर आएगा। करीब एक हजार करोड़ रुपये के निवेश से तैयार हो रहा यह डेटा सेंटर आइटी, डेटा एनालिटिक्स और तकनीकी क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा।

### करियर के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा

खास बात यह है कि अब प्रदेश के युवाओं को बेहतर करियर के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा। इसके साथ ही एआइ तकनीक का फायदा किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को भी मिलेगा। डिजिटल सेवाएं मजबूत होने से शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं का लाभ दूरदराज के क्षेत्रों तक आसानी से पहुंच सकेगा।

### युवाओं के लिए खुलेंगे रोजगार के रास्ते

एआइ डेटा सेंटर के शुरू होने से प्रदेश में हजारों युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है। इसमें आइटी इंजीनियर, डेटा एनालिस्ट, साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट और नेटवर्क मैनेजर जैसे पदों पर भर्ती होगी। साथ ही आइटीआइ, इंजीनियरिंग और पालिटेक्निक संस्थानों के छात्रों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इससे स्थानीय युवाओं को तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा और उन्हें बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



### डिजिटल भारत की धड़कन बनेगा: साय

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सिर्फएक तकनीकी परियोजना नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के भविष्य की नींव है। उन्होंने इसे राज्य के युवाओं, किसानों और आदिवासी समुदाय के लिए परिवर्तनकारी बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि छत्तीसगढ़ अब डिजिटल भारत की धड़कन बनेगा।

### छत्तीसगढ़ में ये होंगे बदलाव

**रोजगार की नई राहें:** आईटी, डाटा एनालिटिक्स और तकनीकी रखरखाव जैसे क्षेत्रों में हजारों नौकरियां पैदा करेगा। युवा दिल्ली-मुंबई जाए बिना यहीं करियर बना सकेंगे।
**किसानों की मदद:** किसानों को स्मार्ट खेती, मौसम की सटीक जानकारी और फसल प्रबंधन में मदद मिलेगी। इससे उनकी मेहनत का ज्यादा फल मिलेगा।

**आदिवासियों को डिजिटल ताकत:** आदिवासी इलाकों में शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी सेवाएं डिजिटल रूप से आसानी से पहुंचेंगी।
**आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़:** यह राष्ट्रीय और वैश्विक डाटा ट्रैफिक को संभालेगा, जिससे सरकारी सेवाएं तेज होंगी और राज्य डिजिटल रूप से आत्मनिर्भर बनेगा।

### छत्तीसगढ़ बनेगा डिजिटल हब

नवा रायपुर में बन रहा यह डेटा सेंटर प्रदेश को एआइ और डिजिटल टेक्नोलाजी का बड़ा केंद्र बना सकता है। आने वाले समय में यहां स्टार्टअप, रिसर्च और टेक कंपनियों के लिए नए अवसर खुलेंगे, इससे निवेश बढ़ेगा।

### किसानों और आम लोगों को मिलेगा फायदा

एआइ तकनीक के जरिये किसानों को स्मार्ट खेती, मौसम की सटीक जानकारी और फसल प्रबंधन में मदद मिलेगी। इससे उत्पादन बढ़ाने में सहूलियत होगी। वहीं आम लोगों को डिजिटल सेवाओं का लाभ मिलेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं की जानकारी अब ऑनलाइन और आसान तरीके से उपलब्ध होगी। दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक भी सुविधाएं तेजी से पहुंच सकेंगी।

### हेल्थटेक, डिफेंस जैसी मिलेंगी सेवाएं

यहां न केवल स्टोरेज और प्रोसेसिंग की सुविधा उपलब्ध होंगी, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हेल्थटेक, डिफेंस, फिनटेक और डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में अत्याधुनिक सेवाएं भी दी जाएंगी। पार्क में एआई प्रॉसेसिंग जैसी विश्व स्तरीय सुविधाएं होंगी।

# कांग्रेसी नशे के नाम पर कर रहे हैं सियासत : भाजपा

**रायपुर, 24 मार्च।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने नशे के अवैध कारोबार को किस तरह से छत्तीसगढ़ में फैलाया था वह किसी से छिपा नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अवैध शराब की बिक्री को लेकर पूरे देश दुनिया में प्रसिध्द है और जब यह कारोबार छत्तीसगढ़ में कथित तौर फैल रहा था उस समय कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज भी मौन थे। अब जब पूरे प्रदेश में नशे के खिलाफ मुहिम चलाया जा रहा है तब कांग्रेसी नेता बेबुनियाद सियासत करके अपराधियों को बचाने की कोशिश कर रहे है और उनके मनोबल को मजबूत करने में जुटे हुए है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नशे के खिलाफ प्रदेश व्यापी अभियान चलाने का लगातार निर्देश दे रहें है। यही कारण है कि नशे के कारोबार से जुड़े लोगों पर सख्त कार्यवाही हो रही है और कांग्रेस के लोगों को यह रास नही आ रही है। कांग्रेसी लोगों का ध्यान भटकाने के लिए इस विषय पर भ्रम फैलाने में लगे हुई है। प्रदेश की विष्णुदेव साय जी की सरकार नशे से कारोबार से जुड़े लोगों पर तत्काल कार्यवाही कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के वातावरण को फिर से शांतिपूर्ण बनाने के लिए प्रदेश की साय सरकार हर संभव प्रयास कर रही है और नशे के कारोबार से जुड़े असमाजिक तत्वों को सलाखों के पीछे भेज रही है। 2018 से 2023 तक पूर्व की कांग्रेस सरकार में मिले छूट एवं संरक्षण का लाभ लेते हुए नशे से जुड़े लोग छत्तीसगढ़ की छवि को खराब करने का काम करते रहे।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मिश्रा ने कहा कि नशे के अवैध कारोबार को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के मार्गदर्शन में भारत को नशा मुक्त करने का अभियान चलाया जा रहा है जिस दिशा में छत्तीसगढ़ में भी बड़ी पहल केन्द्र सरकार ने की है। सेंट्रल नार्कोटिक्स ब्यूरो का एक कार्यालय नया रायपुर में खोला गया है जिसके माध्यम से लगातार नशे के अवैध कारोबार को लेकर सख्त कार्यवाही की जा रही है। जिसे लेकर कांग्रेस हायतौबा मचा रही है और हमेशा कांग्रेस का हाथ अपराधियों के साथ रहा है।

### इलाज कराने मेकाहारा लाया गया कैदी जेल प्रहरियों को चमका देकर फरार

**रायपुर, 24 मार्च।** राजधानी रायपुर के मेकाहारा अस्पताल से हत्या के प्रयास का सजायाफ्ता कैदी जेल प्रहरियों को चमका देकर फरार हो गया। कैदी का नाम साहेब कुमार ताती है। उसे इलाज के लिए जेल प्रहरियों ने मेकाहारा अस्पताल लाया था, इस दौरान वह मौका देखकर हथकड़ी समेत फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक सजायाफ्ता कैदी साहेब कुमार ताती मूलतः बिहार राज्य का निवासी है। आरोपी तीन वर्ष पहले गोबरानवापारा थाना में हत्या के प्रयास के अपराध में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद था। आरोपी को मेकाहारा अस्पताल इलाज कराने के लिए लाया गया था। इसी बीच मौका देखते ही पुलिस जवानों को चकमा देकर हथकड़ी समेत फरार हो गया। मौदहापारा थाना प्रभारी मुकेश शर्मा ने बताया कि सजायाफ्ता कैदी के फरार होने की सूचना मिली है। आरोपी को अस्पताल में इलाज कराने के लिए लाया गया था। इसी बीच चकमा देकर फरार हो गया। आरोपी की तलाश की जा रही है। बता दें कि केंद्रीय जेल के सजायाफ्ता कैदी या फिर विचाराधीन कैदी के फरार होने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी जेल कर्मचारियों की चूक से कई कैदी फरार हो चुके हैं।

### रेलवे में पत्राचार हिन्दी में ही किया जाए : दयानंद

**रायपुर, 24 मार्च।** मंडल रेल प्रबंधक दयानंद की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर की बैठक मंडल सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक के दौरान रेलवे बोर्ड द्वारा जारी मानक कार्यसूची के अनुसार अक्टूबर-दिसंबर 2025 अवधि की मंडल पर हुई राजभाषा प्रगति की समीक्षा की गई। अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि दिसंबर 2025 में संसदीय राजभाषा समिति द्वारा मंडल कार्यालय की निरीक्षण बैठक आयोजित की गई थी जिसमें समिति द्वारा अनेक दिशा-निर्देश दिए गए हैं जिन्हें सभी शाखा अधिकारियों को पत्रों के द्वारा परिपत्रित किया जा चुका है। अपेक्षा की जाती है कि उक्त दिशा-निर्देशों का पालन किया जाए। आज न टाइपिंग कठिन है और न अनुवाद करना। अतः मूल पत्राचार में शत-प्रतिशत हिंदी का प्रयोग किया जाए। राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) काफी महत्वपूर्ण मद है और इसके अंतर्गत आने वाले दस्तावेजों को शत-प्रतिशत हिंदी-अंग्रेजी द्विभाषी में अनिवार्य रूप जारी करना सुनिश्चित करते रहें।

# छात्रसंघ चुनाव बहाली के लिए एनएसयूआई का चरणबद्ध आंदोलन

■ **छात्रों से सक्रिय भागीदारी की अपील**



**रायपुर, 24 मार्च।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) द्वारा छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की गई है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने बताया कि आज प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी, 30 मार्च को सभी महाविद्यालयों में प्राचार्य के माध्यम से राज्यपाल एवं सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा तथा 6 अप्रैल को प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में एक साथ घेराव कर छात्र शक्ति का प्रदर्शन किया जाएगा।

एनएसयूआई का मानना है कि छात्र संघ चुनाव शिक्षा संस्थानों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके जरिए छात्रों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से प्रशासन तक पहुंचाया जा सकता है और उन्हें अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का अनुभव व अभ्यास करने का अवसर मिलता है। साथ ही यह छात्रों में नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी का विकास करता है तथा छात्र हितों के लिए मजबूत प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करता है। संगठन का यह भी कहना है कि छात्र संघ चुनाव के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था में छात्रों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होती है, जो एक स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण के लिए आवश्यक है।

संगठन ने वर्तमान में छात्रों के सामने आ रही विभिन्न समस्याओं को भी गंभीरता से उठाया है। लंबे समय से छात्र संघ चुनाव नहीं होने के कारण छात्रों की आवाज दब रही है। इसके अलावा लगातार बढ़ती फीस से छात्रों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है, वहीं SC, ST, OBC और EWS वर्ग के छात्रों को समय पर छात्रवृत्ति नहीं मिल पा रही है। शिक्षकों की कमी से पढ़ाई प्रभावित हो रही है और कई संस्थानों में लाइब्रेरी, इंटरनेट, पेयजल तथा स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। परीक्षा और परिणामों में अनियमितता, प्लेसमेंट एवं करियर मार्गदर्शन की कमी, हॉस्टल और परिवहन से जुड़ी समस्याएं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल संसाधनों की कमी तथा प्रशासन की उदासीनता भी छात्रों के लिए बड़ी चिंता का विषय बनी हुई हैं।

अंत में एनएसयूआई ने प्रदेश के सभी छात्रों से इस आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि यह संघर्ष केवल छात्र संघ चुनाव बहाली तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार और छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए एक सशक्त अभियान है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा, महामंत्री हेमंत पाल, मीडिया चेयरमैन संकल्प मिश्रा, निखिल वंजारी, महताब हुसैन, वैभव मुंजेवर, संस्कार द्विवेदी, अंकित बंजारे, कृष सहारे उपस्थित हुए।

**बयानबाजी** | **प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और संचार विभाग अध्यक्ष ने भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप**

# अब तो यह स्पष्ट है कि अफीम की खेती में भाजपा संलिप्त है : बैज

**रायपुर, 24 मार्च।** प्रदेश के एक और स्थान लैलूंगा में भी अफीम की खेती पकड़ाई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बिना सरकार के संरक्षण के अफीम की खेती प्रदेश भर में इतने बड़े पैमाने पर संभव नहीं है। अब तो यह स्पष्ट है कि अफीम की खेती में सरकार संलिप्त है। दुर्ग, बलरामपुर के दो स्थानों रायगढ़ के तमनार, लैलूंगा अफीम की खेती पकड़ाई है और नगरी सिहावा में सरकार ने मामले को दबाने की कोशिश किया है। वहां पर फसल पर ट्रैक्टर चलवाया गया और कानूनी कार्यवाही नहीं की गयी है। सरकार ने किसको बचाने के लिए नगरी सिहावा में अफीम की फसल को नष्ट किया और दोषी पर एफआईआर दर्ज क्यों नहीं करवाया? इसका सीधा मतलब है कि अफीम की खेती सत्ता में बैठे हुए लोगों के संरक्षण में ही हो रही थी।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अभी तक प्रदेश के अलग-अलग कोनो में अफीम की खेती पकड़ाई है। अफीम की खेती का खुलासा जनता ने किया है। जनता ने पुलिस से शिकायत किया, पुलिस और राजस्व अमला क्या कर रहा था? अफीम की लहलहाती खेती 15 दिन, 1 महीने में तो तैयार नहीं हुई है, धान की फसल के दौरान जब पटवारी और राजस्व अमला गिरदावरी रिपोर्ट तैयार कर रहे थे तो उन्हें कैसे पता नहीं चला कि खेतों में अफीम लगा हुआ है? अफीम की खेती के गिरदावरी में अन्य फसल तथा सब्जी कैसे लिखा गया?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राज्य में अफीम की खेती की निष्पक्ष जांच होनी चाहिये। बिना सरकार के संरक्षण के पूरे प्रदेश में नशे का इतना बड़ा कारोबार संभव नहीं है। भाजपा ने विनायक ताम्रकार को केवल निलंबित किया है, निष्कासित नहीं। उसे कौन बचा रहा है? विनायक ताम्रकार को पुलिस ने मुख्य अभियुक्त क्यों नहीं बनाया, सरकार उसे क्यों बचा रही है? दुर्ग जिले के समोदा में जिस भूमि पर भाजपा नेता अफीम की खेती कर रहा था, कृषि और राजस्व विभाग के सरकारी अफसर उस भूमि पर मक्का का खेती होना बताते रहे, प्रोत्साहन राशि भी दिया गया।

### जनता का सरकार पर से भरोसा उठ गया : कांग्रेस

**रायपुर, 24 मार्च।** भाजपा की साय सरकार विश्वास के संकट के दौर से गुजर रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि धर्म स्वातंत्र्य विधेयक को लेकर एक धर्म विशेष के द्वारा सरकार के खिलाफप्रदर्शन बताता है कि राज्य की भाजपा सरकार अपना विश्वास जनता से खो चुकी है इसीलिए जनता सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन कर रही है। भाजपा का धर्म से धर्म को लड़ाने वाले चरित्र के कारण लोग शशंकित है कि धर्म स्वातंत्र्य विधेयक के कानून के रूप में आने के बाद भाजपा सरकार उसका दुरुपयोग करेगी। राज्य में भाजपा की सरकार आने के बाद आरएसएस, भाजपा के अनुशांगिक संगठनों के लोग पिछले दो सालों में जिस प्रकार का आतंक मचाते रहे है और सरकार का उनको संरक्षण रहा है, उसके कारण लोगों में भय उत्पन्न होना स्वाभाविक है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि धर्म स्वातंत्र्य विधेयक भाजपा का राजनैतिक प्रोपोगंडा मात्र है। भाजपा मतों के ध्रुवीकरण के लिए धर्मांतरण का हव्वा खड़ा करती है।



# प्रशिक्षण भाजपा की नियमित प्रक्रिया : जामवाल

**रायपुर, 24 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी रायपुर शहर जिला के तेलीबांधा मंडल की पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 कार्यक्रम शंकर नगर बीटीआई मैदान के पास सिन्धु भवन सोमवार को संपन्न हुई। इस प्रशिक्षण महा अभियान में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, प्रशिक्षण अभियान के प्रदेश प्रभारी डॉ. अवधेश जैन, रायपुर शहर जिला प्रभारी राजेन्द्र शर्मा, जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, विधायक पुरंदर मिश्रा, जिला प्रशिक्षण प्रभारी एवं जिला महामंत्री अमित मैशरी, जिला महामंत्री गुंजन प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष अकबर अली, मंडल प्रभारी हरि सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष दलविंदर सिंह बेदी सहित एमआईसी सदस्य एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।



प्रशिक्षण महाअभियान को संबोधित करते हुए भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने कहा कि प्रशिक्षण भाजपा की एक नियमित प्रक्रिया है जो कार्यकर्ताओं को और प्रखर बनाते है। भाजपा कार्यकर्ता पार्टी एवं संगठन के कार्यो को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए हमेशा तैयार रहते है। भाजपा कार्यकर्ता ओजस्वी, मुखर, प्रखर एवं अपने कार्यो के प्रति कर्मठ होते है जो भाजपा द्वारा दिए गए समस्त कार्यो को पूरी तन्मयता से पूरा करते है। उन्होंने कहा कि भाजपा वर्ष भर कार्य करने वाली पार्टी है जो सरकार के योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के साथ ही संगठनात्मक कार्यो को भी समयबध्द पूरा करती है। अंत्योदय की विधारधारा को आत्मसात कर भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता कार्य करते हैं।

भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता पार्टी द्वारा दिए गए सभी दायित्वों का निर्वहन करते है। साथ ही कार्यकर्ता सदैव सक्रिय भूमिका में होते है। भाजपा संगठन के द्वारा दिए गए कार्यो को प्रदेश स्तरीय, जिला स्तरीय, मंडल स्तरीय के साथ बूथ लेवल तक उन कार्यो का विस्तार करते है और अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक सरकार के योजनाओं को पहुंचाने में भी अपनी महत्ती भूमिका निभाते है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26